रोहतक
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 72
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00
मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 15.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं
haribhoomi.com

adani | Ports and Logistics

## 400 मिलियन मीट्रिक टन का लक्ष्य पार करने पर हमें गर्व है।

### भारत का एक चौथाई कार्गो हमारे पोर्ट से जाता है।

इस शानदार रिकॉर्ड से APSEZ लिमिटेड, भारत के 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने में योगदान दे रहा है। यह उपलब्धि पोर्ट और टर्मिनल के साथ इंटीग्रेटेड फर्स्ट-माईल और लास्ट-माईल लॉजिस्टिक सॉल्यूशन से हासिल हुई है।

**नंबर 1**
भारत का सबसे बड़ा प्राइवेट पोर्ट नेटवर्क

**17**
पूरे भारत में 15 पोर्ट और टर्मिनल, श्रीलंका और इज़राइल में 2

**12**
लॉजिस्टिक पार्क



Figures as per FY 2023-24






# जिस चौटाला परिवार ने 3 बार दी टिकट अब उसे छोड़ा, कमलेश करेगी भाजपा ज्वाइन

नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी जजपा की राष्ट्रीय महासचिव थीं। राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला को पत्र लिखकर पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दिया।

## इनेलो ने उनके ससुर भानाराम सैनी और दूसरी बार उनकी पुत्रवधु कमलेश सैनी को टिकट दी। कमलेश ने जजपा से भी चुनाव लड़ा

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल

चुनावी मौसम है। इस मौसम में 'राजनीति लाभ' के फेर में नेता पार्टियां बदल रहे है। लोकसभा चुनाव के इस रण के बीच जजपा पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव कमलेश सैनी ने भी पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया है। सोमवार उन्होंने ई-मेल के माध्यम से पत्र भेजकर 'बिना कोई कारण लिखे' राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला के नाम पार्टी के सभी पदों से त्यागपत्र दे दिया। अब वह जल्द ही भाजपा में एंट्री करेगी। राजनीतिज्ञों का मानना है कि जिस चौटाला परिवार ने उन्हें तीन बार टिकट दी। जिसमें एक बार इनेलो ने उनके ससुर स्व. चौधरी भानाराम सैनी और दूसरी बार उनकी पुत्रवधु कमलेश सैनी को टिकट दी। चौटाला परिवार की इनेलो से निकलकर जजपा पार्टी बनी और चौटाला परिवार ने तीसरी



बार जजपा पार्टी के रूप में उन्हें टिकट दी। हालांकि इस समय भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी कही जा रही है। जब कमलेश सैनी भाजपा ज्वाइन करेगी तो भविष्य में यहां से टिकट की दावेदारी जताएगी। टिकट मिलेगी या नहीं, यह तो भविष्य तय करेगा। फिलहाल जजपा को बड़ा झटका लगा है और जिला में उनकी मजबूत नेत्री के चले जाने से जजपा को लोकसभा चुनाव में नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

जानकारी के मुताबिक साल 2009 में जब विधानसभा चुनाव हुआ तो इनेलो पार्टी से भानाराम सैनी ने चुनाव लड़ा। उन्हें 21 हजार 619 वोट मिले। तब हजकां उम्मीदवार राव नरेंद्र सिंह ने 25 हजार 11 वोट लेकर जीत हासिल की थी। भानाराम यह चुनाव 3392 वोट से हारे थे। अगला विधानसभा चुनाव 2014 का समय आया तो भानाराम सैनी की तबीयत खराब होने की वजह से इनेलो पार्टी से ही उनकी पुत्रवधु कमलेश सैनी ने चुनाव लड़ा। कमलेश सैनी को 27 हजार 91 वोट मिले। भाजपा उम्मीदवार ओमप्रकाश यादव ने 31 हजार 664 वोट हासिल किए। इस तरह यह चुनाव कमलेश सैनी 4573 वोट से हार गई। इसके बाद साल 2019 में मोदी लहर के बीच इनेलो से अलग होकर बनी जजपा पार्टी से कमलेश सैनी ने दूसरा चुनाव लड़ा और 2014 में मिले वोटों से महज 26 वोट ही बढ़ा पाई और उन्हें 28 हजार 17 वोट मिले। उनके प्रतिद्वंदी भाजपा उम्मीदवार ओमप्रकाश यादव ने एकतरफा चुनाव करते हुए 42 हजार 732 वोट हासिल किए।

### ऐसे जीता नगर परिषद अध्यक्ष का चुनाव

2019 विधानसभा चुनाव के बाद राजनीति समीकरण ऐसे बने कि जजपा व भाजपा दोनों का गठबंधन हुआ और सरकार बनी। जब जून-2022 में नगर निकाय के प्रधान पद के लिए सीधे चुनाव का ऐलान हुआ तो आपसी रजामंदी नहीं होने से जजपा ने पार्टी टिकट पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया और नारनौल नगर परिषद से कमलेश सैनी को टिकट देकर शहरी चुनाव में उतार दिया। फिर प्रदेश स्तर पर गठबंधन में ही चुनाव लड़ने की घोषणा हुई और दो दिन में ही जजपा के खाते की बजाय नारनौल नगर परिषद के प्रधान पद की सीट भाजपा के खाते में आ गई। इससे कमलेश सैनी की टिकट कट गई। वहीं दूसरी ओर भाजपा टिकट की दावेदारी कर रही भारती सैनी को भी टिकट नहीं मिली। इस बात से हताश सैनी समाज की बैठक हुई और कमलेश सैनी व भारती सैनी में से एक को निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ाने की चर्चा हुई। इसमें कमलेश सैनी ने इच्छा जताई तो सैनी समाज के कहने पर भारती सैनी पीछे हट गई और कमलेश सैनी को चुनाव जीताने के लिए जी-तोड़ मेहनत की। परिणाम भी सामने आया। ससुर व खुद दो बार विधायक का चुनाव हारने के बाद नगर परिषद की चुनाव में कमलेश सैनी ने 22 जून 2022 को जीत का स्वाद चखा और 14 हजार 634 वोट के अंतर से जीत दर्ज की।

**बिना कारण लिखे दिया जजपा से त्यागपत्र :** नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी ने सोमवार जजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजयसिंह चौटाला को ई-मेल के माध्यम से पार्टी से त्यागपत्र भेजा। इसमें कमलेश सैनी ने लिखा कि वह जननायक जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्याग पत्र देती है। इसके साथ ही पार्टी के सभी पद से भी त्याग पत्र देती है। पार्टी द्वारा दी गई सभी जिम्मेवारियों के लिए वह पार्टी का आभार व्यक्त करती है। यह त्याग पत्र तत्काल प्रभाव से माना जाए।

**सियासी हलचल**

## पूर्व गृहमंत्री के सोशल मीडिया अकाउंट से मोदी का परिवार हटा!

**अंबाला।** पूर्व गृहमंत्री मंत्री अनिल विज के सोशल मीडिया अकाउंट से सोमवार को 'मोदी का परिवार' हट गया। इसके बाद उनके भाजपा से किनारा करने की चर्चाएं शुरू हो गई। हालांकि कुछ देर बाद इसे ठीक कर दिया गया। विज ने खुद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से मोदी का परिवार हटने का कारण बताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट डाल लिखा कि सब को पता है कि मैं अब एक्स हो गया हूं और सभी जगह पर मुझे एक्स लिखना चाहिए। परंतु जब मैं एक्स पर अपनी प्रोफाइल में एक्स लिखने लगा तो नाम में लिखे जाने वाले अक्षरों को संख्या निश्चित संख्या से ज्यादा हो गई तो उस में से (मोदी का परिवार) जो कि मैं हूं ही वह ऊपर से हटाकर नीचे लगाना पड़ा। इससे कुछ लोगों को खेलने का अवसर मिल गया। मैं भाजपा का अनन्य भक्त हूं। सीएम की ओर से मिले डिनर के निमंत्रण में विज के शामिल होने पर भी संशय बना हुआ है। विज फिलहाल पार्टी के खिलाफ कुछ नहीं कह रहे।



**फोटो ऑफ द डे**



**कुरुक्षेत्र।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को कुरुक्षेत्र में मेगा रोड शो में शिरकत की। रोड शो जाट धर्मशाला से शुरु होकर पुराना बस स्टैंड तक पहुंचा। इस दौरान पार्टी प्रत्याशी सुशील गुप्ता व अन्य मौजूद रहे।

**हिसार लोकसभा सीट पर चुनावी जीत का गणित**

# बृजेंद्र का सर्वाधिक व कुलदीप का सबसे कम वोटों से जीत का रिकॉर्ड

शमशेर सैनी ▶▶ हिसार

प्रदेश की हॉट सीट में शुमार हिसार लोकसभा सीट वर्ष 1951 में अस्तित्व में आ गई थी। तब से लेकर अब तक इस सीट पर 18 बार चुनाव हो चुके हैं। इनमें से कांग्रेस ने सर्वाधिक 7 बार हिसार लोकसभा सीट पर अपना कब्जा किया है। कांग्रेस के बाद इनेलो 3 बार यहां से जीतने में कामयाब रही है। एक बार भाजपा भी यहां से कमल खिला चुकी है। अब हिसार लोकसभा सीट वोटों के बड़े अंतर से जीत की बात की जाए तो उसमें भाजपा ही सबसे ऊपर है। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में मोदी की लहर में भाजपा से बृजेंद्र सिंह निर्वाचित हुए थे। बृजेंद्र ने 3 लाख 14 हजार 68 वोट से जीत दर्ज कर इतिहास रचा था। वर्तमान में बृजेंद्र सिंह भाजपा को अलविदा कह चुके हैं और कांग्रेस का दामन थाम चुके हैं।

वर्ष 2019 में हिसार लोकसभा सीट से सर छोटूराम के नाती एवं भाजपा प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह ने 3 लाख 14 हजार 68 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर वर्ष 1977 में जनता पार्टी की टिकट पर जीत दर्ज करने वाले इंद्रसिंह श्योकंद का रिकॉर्ड तोड़ दिया। अब तक सबसे ज्यादा 2 लाख 43 हजार 384 वोटों के अंतर से जीतने का रिकॉर्ड श्योकंद का नाम था।


### अब तक 18 बार चुनाव हो चुके, कांग्रेस ने सबसे ज्यादा 7 बार दर्ज की जीत

### बृजेंद्र ने दुष्यंत चौटाला को दी थी शिकस्त



भाजपा प्रत्याशी बृजेंद्र सिंह ने वर्ष 2019 में जेजेपी प्रत्याशी दुष्यंत चौटाला को 3 लाख 14 हजार 68 वोटों से करारी शिकस्त दी थी। हिसार लोकसभा सीट के इतिहास की सबसे बड़ी जीत है। बृजेंद्र सिंह को 6 लाख 3 हजार, 289 वोट मिले, जबकि दुष्यंत चौटाला को 2 लाख 89 हजार 221 वोटों से संतोष करना पड़ा था। हिसार से कांग्रेस प्रत्याशी भव्य बिश्नोई अपनी जमानत तक नहीं बचा पाए। भव्य को 1 लाख 84 हजार 369 वोट मिले थे।

### कुलदीप 6337 वोटों के मार्जन से बने थे सांसद, अजय को हराया




हिसार लोकसभा सीट पर सबसे कम वोटों के अंतर से जीत का रिकॉर्ड पूर्व सीएम चौधरी भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई के नाम है। वर्ष 2011 के लोकसभा उपचुनाव में हरियाणा जनहित कांग्रेस की टिकट से कुलदीप बिश्नोई ने हिसार से चुनाव लड़ा था। उनका मुकाबला इनेलो प्रत्याशी अजय चौटाला के साथ था। कुलदीप बिश्नोई ने अजय सिंह चौटाला को कांटे के मुकाबले में 6 हजार 337 वोटों के अंतर से हराया था। कुलदीप बिश्नोई को 3 लाख 55 हजार 955 वोट मिले थे, जबकि अजय चौटाला को 3 लाख 49 हजार 618 वोट प्राप्त हुए थे। इस तरह हिसार लोकसभा सीट का परिणाम हार और जीत के रिकॉर्ड के कारण हमेशा चौंकाता रहा है।

### श्योकंद ने जसवंत को हरा बनाया था रिकॉर्ड

वर्ष 1977 के लोकसभा चुनाव में उचाना विधानसभा सीट के गांव डूमरखां निवासी इंद्रसिंह श्योकंद जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा था। इमरजेंसी विरोधी लहर का असर देश के साथ हिसार संसदीय सीट पर भी देखने का मिला था। उनका मुकाबला कांग्रेस पार्टी की टिकट पर खड़े प्रत्याशी जसवंत सिंह से था। श्योकंद को 80.31 तथा उनके प्रतिद्वंद्वी जसवंत सिंह को 19.69 वोट मिले थे। श्योकंद को 3 लाख 22 हजार 456 वोट मिले थे, जबकि कांग्रेस प्रत्याशी को 79 हजार 72 वोट मिले थे। विजेता प्रत्याशी की जीत का अंतर 2 लाख 43 हजार 384 रहा था।

**गुरुग्राम**

## मेवात ने कांग्रेस में रहते भी नहीं लगाया गले, इस बार राव को बड़े बदलाव की उम्मीद



राव इन्द्रजीत सिंह



कैप्टन अजय यादव



जाकिर हुसैन

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

गुरुग्राम लोकसभा क्षेत्र के मुस्लिम बाहुल्य मेवात इलाके को कांग्रेस का गढ़ माना जाता है, लेकिन कांग्रेस में रहते हुए भी राव इंद्रजीत सिंह को इस क्षेत्र के किसी भी हलके में जीत नसीब नहीं हुई। वोट प्रतिशत के मामले में आंकड़े राव के लिए अनुकूल नहीं हैं। इस बार बदली हुई परिस्थितियों में राव को तीनों हलकों में बढ़त की उम्मीद है। खासकर प्रभावशाली मुस्लिम नेता जाकिर हुसैन का भाजपा में आना राव के लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। राव को कांग्रेस पार्टी वर्ष 2009 के लोकसभा चुनावों में मैदान में उतारा था। राव सीट निकालने में तो कामयाब हो गए थे, लेकिन मुस्लिम बाहुल्य तीन हलकों में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। इस चुनाव में उन्हें नूंह हलके में 18.5 प्रतिशत, फिरोजपुर झिरका में 25.38 प्रतिशत और पुन्हाना में 26.38 प्रतिशत वोट ही हासिल हुए थे।

इस चुनावों में तीनों ही हलकों में मुस्लिम नेता जाकिर हुसैन उन पर भारी पड़े थे। जाकिर को बीएसपी की टिकट पर चुनाव लड़ते हुए नूंह में 54.49, फिरोजपुर झिरका में 57.96 और पुन्हाना में 59.85 फीसदी वोट मिले थे। जाकिर इनेलो की टिकट पर वर्ष 2014 में चुनाव लड़ते हुए भी राव के मुकाबले काफी अधिक वोट हासिल करने में कामयाब हुए थे। कांग्रेस के गढ़ होने के बावजूद राव को तीनों हलकों में हार का सामना करना पड़ा था, जिससे यह साफ हो गया था कि मुस्लिम मतदाताओं को राव स्वीकार्य नहीं हैं। वर्ष 2014 को लोकसभा चुनाव जब भाजपा की टिकट पर लड़ा गया, तो भी तीनों हलकों में राव की स्थिति कमजोर रही। इस चुनाव में उन्हें नूंह से 18.5 फीसदी, फिरोजपुर झिरका से 13.42 और पुन्हाना से 11.43 प्रतिशत वोट ही मिल पाए थे। इस चुनाव में भी इनेलो की टिकट पर खड़े हुए जाकिर हुसैन ने तीनों हलकों में भारी मतों से जीत हासिल की थी।

**क्षेत्र का अपना मिजाज**

गत लोकसभा चुनावों में भी मोदी लहर का असर तीनों में से किसी भी हलके में नजर नहीं आया। इन हलकों में कांग्रेस प्रत्याशी कैप्टन अजय सिंह यादव को भारी समर्थन मिला। राव को नूंह में 28.34, फिरोजपुर झिरका में 19.15 व पुन्हाना में 20.81 फीसदी वोट ही मिल सके। कैप्टन नूंह में 67.94, फिरोजपुर झिरका में 78.74 और पुन्हाना में 76.5 फीसदी वोट लेकर इन हलकों में अच्छा जनाधार हासिल कर सके थे। तीनों लोकसभा चुनावों के आंकड़े इस बात का संकेत दे रहे हैं कि राव इंद्रजीत सिंह को मेवात क्षेत्र के मतदाताओं ने पसंद नहीं किया।

**बदलाव की उम्मीद**

भाजपा हाईकमान ने मुस्लिमों के गढ़ में सेंध लगाने के लिए प्रभावशाली नेता जाकिर हुसैन को पार्टी में ले लिया था। जाकिर का अपना व्यक्तिगत मजबूत वोट बैंक और नूंह हिंसा के बाद राव का बड़ा बयान इस बार उनके लिए मददगार साबित हो सकते हैं। राव को इस बार मेवात क्षेत्र के लोगों में बदलाव नजर आ रहा है। गत दिनों कार्यकर्ता सम्मेलन में उमड़ी भीड़ ने उन्हें इस बात के लिए आश्वस्त किया है कि इस बार वह मेवात क्षेत्र में खाली हाथ नहीं रहेंगे। जाकिर के साथ मेवात के अन्य कद्दावर नेता जुड़े होने का फायदा भी पार्टी को मिल सकता है।

## अब तक दस करोड़ की अवैध शराब और 3.62 करोड़ रुपये की नकदी बरामद

**चंडीगढ़।** लोकसभा आम चुनावों के मद्देनजर अवैध शराब व मादक पदार्थों पर विभिन्न एजेंसियों द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। अब तक राज्य में साढ़े 10 करोड़ रुपये से ज्यादा की अवैध शराब व मादक पदार्थ तथा 3.62 करोड़ रुपये नगद राशि जब्त की गई है राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद राज्य में पुलिस, आयकर विभाग, आबकारी एवं कराधान विभाग तथा राजस्व आसूचना निदेशालय द्वारा उक्त कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा 40.22 लाख रुपये नगद, 225.57 लाख रुपये की कीमत की 70,671.54 लीटर शराब, 514.48 लाख रुपये की कीमत की मादक पदार्थ, प्रलोभन व अन्य वस्तुएं, जिनकी कीमत 56.81 लाख रुपये है, जब्त की गई हैं। इसी प्रकार, आयकर विभाग द्वारा 42 लाख रुपये नकद, 173 लाख रुपये से अधिक के 2967.88 ग्राम कीमती सामान तथा 42.19 लाख रुपये की अन्य वस्तुओं को जब्त किया गया है।अग्रवाल ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा ढाई लाख रुपये नकद, 40 लाख रुपये की 101036 लीटर शराब जब्त की गई है। अन्य मादक पदार्थ भी बरामद किए गए।

## हाईकोर्ट ने करनाल में उपचुनाव कराने के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज किया



**चंडीगढ़।** भारतीय चुनाव आयोग द्वारा करनाल विधानसभा सीट पर उपचुनाव कराने के फैसले को चुनौती देने वाली तीन जनहित याचिकाओं को हाई कोर्ट ने सोमवार को खारिज कर दिया है। इससे पहले पिछले बुधवार को भी हाई कोर्ट ने एक याचिका को खारिज कर चुनाव को हरी झंडी दी थी। हाई कोर्ट में यह याचिका खारिज होने के बाद अब याची पक्ष के पास मामले में पुन विचार याचिका दायर करने या सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने का ही रास्ता बचा है। जनहित याचिका में कानून का हवाला देकर कहा गया था कि आयोग उपचुनाव नहीं करा सकता, क्योंकि हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल एक वर्ष से कम है। याचिका में आयोग को करनाल विधानसभा क्षेत्र के लिए जारी चुनाव कार्यक्रम को रद करने का निर्देश देने की मांग की गई थी । करनाल विधानसभा सीट 13 मार्च को पूर्व सीएम मनोहर लाल के इस्तीफे के कारण खाली हुई थी। विधानसभा के आम चुनाव इस साल अक्टूबर में होने हैं।

## आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की अब तक 1204 शिकायतें मिली : अग्रवाल

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि लोकसभा आम चुनावों के मद्देनजर लागू आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के सम्बन्ध में सी-विजिल एप के माध्यम से नागरिकों द्वारा भी कड़ी नजर रखी जा रही है। राज्य में अब तक 1204 शिकायत सी-विजिल मोबाइल एप पर प्राप्त हुई हैं, जिनका निश्चित समय में समाधान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आमजन "सी-विजिल" मोबाइल एप के माध्यम से सिस्टम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं, यह गौरव की बात है। अनुराग अग्रवाल ने कहा कि सी-विजिल मोबाइल एप के माध्यम से आमजन को चुनाव ऑब्जर्वर के समान एक शक्ति प्रदान कर रहा है, जिससे नागरिक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होने की शिकायत दर्ज करवा रहे हैं। उन्होंने जिलावार विवरण देते हुए बताया कि सर्वाधिक 317 शिकायतें जिला सिरसा से प्राप्त हुई हैं। इसी प्रकार, जिला अंबाला से 219, भिवानी से 46, फरीदाबाद से 40, फतेहाबाद से 37, गुड़गांव से 78, हिसार से 46, झज्जर से 20, जींद व कैथल से 22-22, करनाल से 16, कुरुक्षेत्र से 31, महेंद्रगढ़ से 3, मेवात से 36, पलवल से 32, पंचकूला से 67 शिकायतें मिल चुकी है।

**सफरनामा**

### पति तीन बार रह चुके अंबाला से सांसद, अब की बार खुद मैदान में

# महज दसवीं पास थीं, शादी के बाद बंतो कटारिया ने एलएलबी की डिग्री प्राप्त की

सहानुभूति वोट और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांरटी के आगे अभी तक नहीं दिख रहा विपक्ष

भगवान सिंह राणा ▶▶ यमुनानगर

अंबाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा की टिकट पर इस बार बंतो कटारिया चुनाव मैदान में हैं। बंतो कटारिया पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री एवं अंबाला लोकसभा क्षेत्र से तीन बार सांसद रह चुके स्व. रतनलाल कटारिया की पत्नी हैं। बंतो कटारिया का परिवार शुरु से ही जनसंघ से जुड़ा है। गत वर्ष उनके पति एवं पूर्व सांसद रतनलाल कटारिया की मृत्यु होने के पश्चात से वह और उनका परिवार गम में डूबा हुआ था। मगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में बंतो कटारिया को टिकट देकर स्व. रतनलाल कटारिया को जहां सम्मान दिया है, वहीं, उनके परिवार को इस दुख के संकट से उभारने का काम किया है।

### पति और परिवार का मिला सहयोग , हाईकोर्ट में की प्रैक्टिस



करनाल के घरौंडा निवासी बंतो कटारिया की शादी वर्ष 1984 में लाडवा निवासी रतनलाल कटारिया संग हुई। शादी से पहले बंतो कटारिया मात्र दसवीं पास थी और स्व. रतनलाल कटारिया राजनीतिज्ञ के साथ-साथ एलएलबी पास थे। मगर बंतो कटारिया को पति समेत पूरे परिवार का सहयोग मिला। उन्होंने शादी के बाद परिवार के सहयोग और अपनी लगन के आधार पर एलएलबी तक की शिक्षा ग्रहण की। एलएलबी की शिक्षा ग्रहण करने के बाद बंतो कटारिया ने कुछ समय तक हरियाणा उच्च न्यायालय में वकालत भी की।

### सामान्य कार्यकर्ता बनकर किया काम

बंतो कटारिया ने वर्ष 1980 में भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इसके बाद उन्होंने मंडल अध्यक्ष लेकर भाजपा में प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर और अब वर्तमान में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य के पद तक का सफर तय किया। उन्होंने भाजपा में जो भी पद मिला, उस पर अपने दायित्वों का पूरी मेहनत और लगन व निष्ठा से निर्वहन कर संगठन को मजबूत किया। बंतो कटारिया की काबिलियत को देखते हुए उन्हें गेल की स्वतंत्र डायरेक्टर बनने का अवसर भी प्राप्त हुआ।

### सीट पर ये रहे अब तक सांसद

अंबाला लोकसभा क्षेत्र में सबसे पहला 1967 में लोकसभा का चुनाव हुआ और जनसंघ के सूरजभान सांसद निर्वाचित हुए। वहीं, 1971 कांग्रेस के राम प्रकाश सांसद बने। वर्ष 1977 में जनता पार्टी की टिकट पर सूरजभान सांसद बने। सूरजभान 1980 के चुनाव में भी सांसद बनने में कामयाब रहे। 1984 के चुनाव में कांग्रेस के रामप्रकाश सांसद बन गए। इसके बाद 1989 के लोकसभा चुनाव में भी राम प्रकाश सांसद बने। 1991 में भी राम प्रकाश कांग्रेस की टिकट पर सांसद बनने में कामयाब रहे। मगर 1996 के चुनाव में भाजपा के सूरजभान सांसद बन गए। 1998 में बसपा के अमन कुमार सांसद बने। वर्ष 1999 के चुनाव में भाजपा की टिकट पर रतनलाल कटारिया सांसद बन गए। जबकि 2004 व वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से कुमारी सैलजा सांसद बनने में कामयाब रही। वर्ष 2014 और वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के रतनलाल कटारिया ने सांसद बनकर अंबाला क्षेत्र के लोगों की सेवा की।

## अनूठी पहल का साक्षी बना फरीदाबाद, 8.50 लाख लोगों ने मतदान का लिया संकल्प

- **जिले में सोमवार सुबह 11 बजे एक साथ शत प्रतिशत मतदान की ली शपथ**

**फरीदाबाद।** लोकतंत्र के महापर्व से पहले फरीदाबाद की धरती सोमवार को एक अनूठी पहल की साक्षी बनी। मौका था 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए शत प्रतिशत मतदान के संकल्प का। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह द्वारा की गई इस पहल में साढ़े आठ लाख लोग जुड़े। सभी ने एक साथ प्रातः 11 बजे अपने-अपने प्रतिष्ठानों, स्कूलों, कॉलेजों, उद्योगों, कार्यालयों, आंगनवाड़ी केंद्रों, पंचायत घरों और सार्वजनिक स्थानों पर इकट्ठा होकर शत-प्रतिशत मतदान का संकल्प




लिया। 18 वर्ष से ऊपर के नागरिकों ने जहां मतदान का संकल्प लिया तो स्कूली बच्चों ने अपने परिजनों व आस-पास के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने की प्रतिबद्धता दोहराई। जिला निर्वाचन अधिकारी व उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जागरूकता अभियान के तहत जिला में सबसे ज्यादा औद्योगिक श्रमिक व कर्मचारी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि सोमवार को अभियान में पांच लाख औद्योगिक श्रमिकों ने एक साथ इकट्ठा होकर 25 मई को मतदान करने की शपथ ली। इसके बाद जिला के तीन लाख से ज्यादा सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चे इस अभियान में शामिल हुए।

रोहतक
मंगलवार, 9 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा वर्ष : 28, अंक : 72
पृष्ठ 12 मूल्य 3.50
मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 15.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
चैत्र नवरात्र की मंगलकामनाएं
haribhoomi.com




### अंदर के पन्नों पर


- कांग्रेस कर रही है वोट की राजनीति : सैनी पेज-2
- जम्मू कश्मीर-लद्दाख में कांग्रेस नेकां में सीट समझौता पेज-5
- चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर टीएमसी का प्रदर्शन पेज-6


**सर्वकालिक उच्च स्तर पर बाजार**

## सेंसेक्स 75 हजार की दहलीज पर, निफ्टी की भी लंबी छलांग



**मुंबई (भाषा)।** स्थानीय शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुए। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 494.28 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की बढ़त के साथ नए रिकॉर्ड स्तर 74,742.50 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 621.08 अंक तक चढ़कर रिकॉर्ड 74,869.30 अंक के स्तर पर चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 152.60 अंक की बढ़त के साथ 22,666.30 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

**बाजार में तेजी के 3 कारण :** ■ चुनाव से मार्केट को उम्मीद है कि फिर से भाजपा की सरकार आएगी, जिससे तेजी देखने को मिल रही है। ■ शेयर बाजार में विदेशी निवेशकों ने पिछले सेशन में 1,659.27 करोड़ रुपए निवेश किए हैं, जिससे मार्केट सेंटीमेंट पर पॉजिटिव असर पड़ा है। ■ मार्केट को जून में अमेरिकी ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है।

**सोना भी नए शिखर पर**

## सोना 71,700 के रिकॉर्ड पर इस साल हो सकता है 75 हजारी



**नई दिल्ली (भाषा)।** बहुमूल्य धातुओं की सुरक्षित निवेश विकल्प के रूप में मांग बढ़ने के कारण सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 350 रुपये की तेजी के साथ 71,700 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इस साल यानी 2024 में अबतक सोने की कीमतों में 7,700 रुपये की बढ़ोतरी हो चुकी है। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। सूत्रों का कहना है कि सोना इस साल 75000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक पहुंच सकता है।

**3 माह में 7,977 रुपये चढ़ा सोना :** इस साल अब तक सिर्फ 3 महीने में ही सोने के दाम 7,977 रुपये बढ़ चुके हैं। 1 जनवरी को सोना 63,302 रुपये पर था। वहीं, अकेले मार्च में सोना 4 हजार रुपये से ज्यादा महंगा हुआ है। ये 62,592 रुपये प्रति 10 ग्राम से 71,700 रुपये पर पहुंच गया।

**चांदी भी चमकी**

## चांदी 84 हजार की एक किलो पहुंच सकती है एक लाख तक



**मुंबई (भाषा)।** चांदी भी सप्ताह के पहले दिन सोमवार को नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई। चांदी की कीमत भी 800 रुपये के उछाल के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम की नई ऊंचाई पर बंद हुई। इससे पिछले कारोबारी सत्र में यह 83,200 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, 'विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से संकेत लेते हुए दिल्ली के बाजारों में चांदी के दाम बढ़े हैं। व्यापारियों ने अमेरिकी नौकरियों की उत्साहजनक रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया और इसके बजाय कुछ सप्ताह से चल रहे सर्राफा की तेजी की प्रवृत्ति पर ध्यान केंद्रित किया।

**अब यह अनुमान :** ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल का अनुमान है कि अगले कुछ महीनों तक चांदी में तेजी देखने को मिलेगी। यह मीडियम से लंबी अवधि में 92,000 रुपये और उसके बाद 1 लाख रुपये प्रति किलो तक पहुंच सकती है।

**प्रदेश सरकार ने दी राहत**

## वोट डालने को 07 राज्यों के कर्मियों को मिलेगी पेड लीव



**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** सरकार ने लोकसभा आम चुनाव 2024 में पड़ोसी राज्यों के मतदाता जो हरियाणा सरकार में कार्यरत है को वोट डालने के लिए सवैतनिक छुट्टी यानी पेड लीव देने की घोषणा की है। मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार पड़ोसी राज्यों के मूल निवासी जो हरियाणा सरकार के कार्यालयों, बोर्डों, निगमों के अलावा शैक्षणिक संस्थान, विभिन्न कारखाने, दुकानें, वाणिज्यिक और निजी प्रतिष्ठानो में काम करते हैं और उनका वोट अपने राज्य में बना हुआ है तो ऐसे कर्मियों के लिए निम्नलिखित तिथियों को सवेतन अवकाश के रूप में नामित किया गया है।

**इन तारीखों में मतदान :** उत्तर प्रदेश में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई और 1 जून, उत्तराखंड 19 अप्रैल, राजस्थान में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल, दिल्ली में 25 मई , हिमाचल में 1 जून, पंजाब एवं यूटी चंडीगढ़ में 1 जून को चुनाव होने हैं।

## दिल्ली शराब नीति घोटाले में दोनों से ईडी ने की पूछताछ

# अब केजरीवाल के पीए और विधायक पाठक पर शिकंजा

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सहायक (पीए) बिभव कुमार और आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक दुर्गेश पाठक से आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को पूछताछ की। इससे आम आदमी पार्टी की मुश्किलें और बढ़ सकती हैं। अधिकारियों ने बताया कि बिभव कुमार का बयान धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत दर्ज किया जा रहा है। ईडी इस मामले में इन दोनों से पहले भी पूछताछ कर चुकी है। सूत्रों ने बताया कि केजरीवाल की गतिविधियों और कार्यक्रमों के सिलसिले में कुमार से पूछताछ जरूरी है। मुख्यमंत्री केजरीवाल (55), आप के राष्ट्रीय संयोजक भी हैं और उन्हें पिछले महीने इस मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।



*पीएमएलए के प्रावधानों के तहत बयान दर्ज किए*



### दोनों को इसलिए तलब किया

- ■ बिभव के मोबाइल का आईएमईआई (इंटरनेशनल मोबाइल इक्विपमेंट आइडेंटिटी) सितंबर 2021 वजुलाई 2022 के बीच 4 बार बदला।
- ■ राजिंदर नगर से आप विधायक पाठक को गोवा विस चुनाव के लिए 2021-22 चुनाव अभियान के संबंध में पूछताछ के लिए बुलाया था।
- ■ ईडी ने आरोप लगाया है कि 'साउथ ग्रुप' द्वारा प्रदान की गई 100 करोड़ की रिश्वत में से 45 करोड़ का इस्तेमाल प्रचार में किया गया।

### एजेंसी ने आरोप पत्रों में ये आरोप लगाए

एजेंसी ने अपने पहले के आरोपपत्रों में आरोप लगाया था कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और कुमार सहित कम से कम 36 आरोपितों ने कथित घोटाले में हजारों करोड़ रुपये की रिश्वत के सबूत छुपाने के लिए 170 फोन नष्ट किए, इस्तेमाल किए या बदल दिए।

### केजरी को सीएम पद से हटाने को तीसरी याचिका

तिहाड़ में बंद अरविंद केजरीवाल को सीएम पद से हटाने को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में तीसरी याचिका लगाई गई। याचिका आप के पूर्व विधायक संदीप कुमार ने लगाई है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाते हुए कहा, इस तरह की याचिकाएं पब्लिसिटी स्टंट पाने के लिए होती हैं। आप पर भारी जुर्माना लगाया जाना चाहिए। याचिका पर सुनवाई 10 अप्रैल को होगी।

### डीजेबी को 28,400 करोड़ मिले लेकिन जवाबदेही की कमी

दिल्ली सरकार के प्रधान वित्त सचिव ने उच्च न्यायालय को सूचित किया कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) को वित्तवर्ष 2015-16 से अबतक 28,400 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं, लेकिन उसने शर्तों के अनुरूप इस धन का इस्तेमाल नहीं किया है। प्रधान वित्त सचिव ने शीर्ष अदालत को यह जानकारी आम आप सरकार की उस याचिका के जवाब में दी है, जिसमें आरोप लगाया गया कि वह जल निकाय को धन आवंटित नहीं कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा कि वैधानिक निकाय में जवाबदेही की कमी है। शीर्ष अदालत ने पांच अप्रैल को दिल्ली सरकार के प्रधान सचिव (वित्त) को डीजेबी को धन जारी करने के लिए कहा था और आप सरकार द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई करते हुए राष्ट्रीय राजधानी में पेयजल की आपूर्ति के लिए जिम्मेदार निकाय को पक्षकार बनाया था। इससे पहले दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर 300 करोड़ के बकाए की मांग की थी।

**सुप्रीम कोर्ट में घिरी दिल्ली सरकार**


**दिल्ली के वित्त सचिव ने अदालत में दी जानकारी**

**डीजेबी ने शर्तों के हिसाब से फंड का प्रयोग नहीं किया**

# पूर्व मंत्री बीरेंद्र सिंह ने भाजपा छोड़ी आज कांग्रेस में हो सकते हैं शामिल

**बीरेंद्र बोले, मैंने भाजपा से इस्तीफा दिया, नड्डा को भेजा, पत्नी प्रेमलता ने भी भाजपा से दिया इस्तीफा**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) छोड़ दी है और वह मंगलवार को कांग्रेस में शामिल होंगे। इससे करीब एक महीने पहले उनके बेटे बृजेन्द्र सिंह भाजपा छोड़कर कांग्रेस में शामिल हो गए थे। बीरेंद्र सिंह की पत्नी व हरियाणा से भाजपा की पूर्व विधायक प्रेम लता ने भी भाजपा छोड़ दी है। प्रेम लता 2014-2019 तक विधायक थीं। दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में बीरेंद्र सिंह ने कहा, मैंने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपना त्याग पत्र पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा को भेज दिया है। मेरी पत्नी प्रेम लता ने भी पार्टी छोड़ दी है। मंगलवार को हम कांग्रेस में शामिल होंगे।



- ▶▶ हिसार से सांसद बेटा बृजेन्द्र पहले ही कांग्रेस में शामिल
- ▶▶ रोहतक में जन्मे हैं बीरेंद्र सर छोटूराम के नाती

### दस साल बाद वापसी

बीरेंद्र सिंह 10 साल बाद कांग्रेस में वापसी कर रहे हैं। बता दें कि जींद की उचाना सीट से 5 बार विधायक और दो बार राज्यसभा और एक बार लोकसभा सांसद रह चुके बीरेंद्र सिंह 43 साल तक कांग्रेस में रहने के बाद 2014 को लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में शामिल हो गए थे।

## जजपा के प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष सहित कई नेताओं ने छोड़ी पार्टी

**फतेहाबाद।** प्रदेश सरकार में भागीदारी खत्म होते ही जननायक जनता पार्टी यानी जजपा बिखरती जा रही है। सोमवार को पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने पार्टी से त्यागपत्र दे दिया है। पूर्व में फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष रहे और वर्तमान में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लेगा ने भी निशान सिंह की राह पर चलते हुए पार्टी छोड़ने का ऐलान कर दिया। इस बीच पार्टी की महासचिव कमलेश सैनी, प्रदेश महिला सचिव ममता कटारिया व प्रदेश महासचिव रेखा शाक्य ने भी जेजेपी को अलविदा कह दिया है। सूत्रों का कहना है कि निशान सिंह कांग्रेस का हाथ थाम सकते हैं, वहीं कमलेश सैनी के भाजपा ज्वाइन करने की चर्चा है। निशान सिंह ने अभी पार्टी हाईकमान को मौखिक रूप से पार्टी छोड़ने की जानकारी दी है। जल्द ही लिखित इस्तीफा राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय चौटाला को सौपेंगे।



फतेहाबाद। निशान सिंह, सुरेन्द्र लेगा व रेखा शाक्य। फोटो : हरिभूमि

क्यों जजपा छोड़ गए निशान सिंह। पूरी स्टोरी देखने के लिए स्कैन करें।

### मानहानि मामला: संजय सिंह की याचिका खारिज

**नई दिल्ली(भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की गुजरात उच्च न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी, जिसमें पीएम नरेन्द्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कथित टिप्पणी के लिए मानहानि के मामले में उनके खिलाफ जारी समन रद करने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह आदेश जारी किए हैं।



*सऊदी क्राउन प्रिंस बोले, यह भारत-पाक का द्विपक्षीय मुद्दा*

# सऊदी अरब ने कश्मीर पर पाक को दिया बड़ा झटका

एजेंसी ▶▶ रियाद

सऊदी अरब ने कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को बड़ा झटका दिया है। क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच द्विपक्षीय मुद्दा बताया। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि इस मुद्दे को भारत और पाकिस्तान को बातचीत के जरिए सुलझाना होगा। क्राउन प्रिंस का यह बयान पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ की रियाद यात्रा के दौरान एक ज्वाइंट स्टेटमेंट में आया है। पाकिस्तान अब तक कश्मीर मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्र के तत्वाधान में जनमत संग्रह का राग अलापता रहा है। लेकिन, भारत शुरू से ही इस मुद्दे को लेकर द्विपक्षीय बातचीत का समर्थन करता है। हालांकि, आतंक को लेकर भारत और पाक में पिछले कई साल से राजनयिक संबंध निचले स्तर पर हैं।



तीसरे देश का दखल ठीक नहीं, बातचीत से समाधान करें भारत इस मुद्दे पर द्विपक्षीय वार्ता का करता है समर्थन

पाक पीएम शाहबाज की रियाद यात्रा के दौरान दिया बयान

■

सऊदी ने भारत और पाकिस्तान से किया वार्ता का आह्वान

### दोनों देश शांति और स्थिरता सुनिश्चित करें

सऊदी अरब ने संयुक्त बयान में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए दोनों देशों के बीच लंबित मुद्दों, विशेष रूप से जम्मू और कश्मीर विवाद को हल करने के लिए पाकिस्तान और भारत के बीच बातचीत के महत्व पर जोर दिया।

**सियासत** पीएम मोदी बोले, मैंने उनके लूट के लाइसेंस को खत्म किया

*कांग्रेस ने हमेशा तुष्टीकरण की नीति अपनाई छत्तीसगढ़ में रैली को संबोधित किया*

# भ्रष्टाचारी कांग्रेस ने गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया

भाषा ▶▶ जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने आजादी के बाद से दशकों तक गरीबों की जरूरतों को नजरअंदाज किया और कभी उनका दर्द नहीं समझा। मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौर में भ्रष्टाचार देश की पहचान बन गई थी, लेकिन उन्होंने कांग्रेस के लूट के लाइसेंस को खत्म कर दिया है। छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के छोटे अमाबाल गांव में 'विजय संकल्प शंखनाद' रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कांग्रेस पर गरीबों की जरूरतों और आजादी के बाद दशकों तक उनके दर्द को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया। उन्होंने तुष्टिकरण को लेकर कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के घोषणापत्र में मुस्लिम लीग की छाप है।

(पैकेज पेज-5 पर)

### छत्तीसगढ़ में मोदी की पहली जनसभा



यह रैली भाजपा उम्मीदवार महेश कश्यप (बस्तर लोकसभा सीट) और भोजराज नाग (कांकेर लोकसभा सीट) के समर्थन में आयोजित की गई थी। पिछले वर्ष राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के बाद छत्तीसगढ़ में यह मोदी की पहली जनसभा थी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर कहा, 'कांग्रेस की सरकार के समय भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी और भ्रष्टाचार से अगर सबसे ज्यादा नुकसान किसी का होता है तो गरीब का नुकसान होता है।

### भ्रष्टाचार गरीब का हक मार रहा

मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार गरीब का हक मारता है। 2014 से पहले लाखों करोड़ रुपये के घोटाले होते थे।' 'कांग्रेस की सरकार में दिल्ली से एक रुपया भेजा जाता था तो सिर्फ 15 पैसा गांव तक पहुंचता था। यह मैं नहीं कह रहा हूं, कांग्रेस के ही प्रधानमंत्री (पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जिक्र) ने कहा था कि दिल्ली से हम एक रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा ही पहुंचता है। अरे भाई, बताओ ना वह कौन पंजा था जो 85 पैसे मार लेता था।' 'मोदी ने कांग्रेस की लूट की इस व्यवस्था को बंद कर दिया है।




## कोलिन्स ने जीता चार्ल्सटन ओपन का खिताब



**चार्ल्सटन।** डेनियल कोलिन्स ने रविवार को यहां दारिया कसात्किना को सीधे सेट में हराकर मियामी ओपन के बाद चार्ल्सटन ओपन टेनिस चैंपियनशिप का भी खिताब जीत लिया। कोलिन्स ने दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी कसात्किना को 6-2, 6-1 से हराकर लगातार 13वीं जीत दर्ज की जो उनके करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कोलिन्स 2013 में सेरेना विलियम्स के बाद पहली खिलाड़ी हैं जिसने मियामी में हार्ड कोर्ट के बाद चार्ल्सटन में क्ले कोर्ट पर भी खिताब जीता हो। कोलिन्स ने यहां खिताबी जीत के दौरान छह मुकाबले में सिर्फ एक सेट गंवाया।

## शेल्टन बने पुरुष क्ले कोर्ट चैंपियन



**ह्यूस्टन।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने रविवार को यहां गत चैंपियन फ्रांसिस टियाफो को तीन सेट तक चले कड़े फाइनल में हराकर अमेरिकी पुरुष क्ले कोर्ट टेनिस चैंपियनशिप का खिताब जीता। इक्कीस साल के शेल्टन ने टियाफो को 7-5, 4-6, 6-3 से हराकर अपने करियर का दूसरा एटीपी टूर खिताब जीता। शेल्टन ने मैच के दौरान 21 ऐस लगाए और 2002 में एंडी रोडिक के 19 साल की उम्र में यहां खिताब जीतने के बाद वह यह खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी हैं। शेल्टन को क्ले कोर्ट पर जूझना पड़ा है और यहां टूर्नामेंट की शुरुआत से पहले इस तरह की सतह पर उन्होंने नौ में से सात मुकाबले गंवाए थे और सिर्फ दो जीत दर्ज की थी।

## भारतीय-अमेरिकी गोल्फर भाटिया को खिताब



**सेन एंटोनियो।** भारतीय अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने प्ले ऑफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां वालेरो टेक्सास ओपन का खिताब जीता और अगले महीने होने वाले अगस्ता मास्टर्स में जगह बनाई। भाटिया ने पहली बार किसी मेजर टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई किया है। भाटिया ने प्ले ऑफ में डैनी मैकार्थी को पछाड़ा जिन्होंने अपने अंतिम नौ होल में से आठ में बर्डी की। बाइस साल के भाटिया (67) ने दिन की शुरुआत चार शॉट की बढ़त के साथ की थी और फिर छह शॉट की बढ़त बनाने में सफल रहे लेकिन मैकार्थी ने जोरदार वापसी की जिससे 72 होल के बाद दोनों खिलाड़ियों का स्कोर 20 अंडर रहा। भाटिया ने इसके बाद प्ले ऑफ में पहले अतिरिक्त होल में बर्डी के साथ खिताब अपने नाम किया।

### आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 4 | 4 | 0 | 8 |
| कोलकाता | 4 | 3 | 1 | 6 |
| लखनऊ | 4 | 3 | 1 | 6 |
| चेन्नई | 5 | 3 | 2 | 6 |
| हैदराबाद | 4 | 2 | 2 | 4 |
| पंजाब | 4 | 2 | 2 | 4 |
| गुजरात | 5 | 2 | 3 | 4 |
| मुंबई | 4 | 1 | 3 | 2 |
| बेंगलोर | 5 | 1 | 4 | 2 |
| दिल्ली | 5 | 1 | 4 | 2 |

**ऑरेंज कैप**



विराट कोहली
316 रन
बेंगलोर

**पर्पल कैप**



युजुवेन्द्र चहल
08 विकेट
राजस्थान

**बाउंड्री मीटर**

598 चौके

374 छक्के

## रविंद्र और देशपांडे को 3-3 विकेट, गायकवाड की फिफ्टी

# जडेजा के कमाल से सीएसके ने केकेआर को सात विकेट से हराया

भाषा ⏭ चेन्नई

रविंद्र जडेजा (चार ओवर में 18 रन पर तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के बाद कप्तान रुतुराज गायकवाड़ (नाबाद 67) की धैर्यपूर्ण अर्धशतकीय पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को सात विकेट से हराया।चेन्नई की पांच मैचों में यह तीसरी जीत है जबकि केकेआर के लिए चार मैचों में यह पहली हार है। 'प्लेयर ऑफ द मैच' जडेजा ने अपनी शुरुआती आठ गेंद के अंदर अंगकृष रघुवंशी (18 गेंद में 24 रन), सुनील नारायण (20 गेंद में 27 रन) और वेंकटेश अय्यर (तीन रन) के विकेट के साथ केकेआर की पारी का रूख मोड़ दिया जिससे टीम नौ विकेट पर 137 रन ही बना सकी। सीएसके ने 17.4 ओवर में तीन विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। रुतुराज ने 58 गेंद की पारी के दौरान नौ चौके लगाये। उन्होंने इस दौरान रचिन रविंद्र (15) के साथ पहले विकेट के लिए 20 गेंद में 27 जबकि डेरिल मिचेल (25) के साथ दूसरे विकेट के लिए 55 गेंद में 70 रन की साझेदारी की। इस सलामी बल्लेबाज ने शिवम दुबे (28) के साथ 26 गेंद में 38 रन की साझेदारी कर टीम की जीत सुनिश्चित की। दुबे ने 18 गेंद की पारी में तीन छक्के और एक चौका लगाया। केकेआर के लिए वैभव अरोड़ा ने चार ओवर में 28 रन देकर दो विकेट लिये। इससे पहले जडेजा को तुषार देशपांडे (चार ओवर में 33 रन पर तीन विकेट), मुस्तफिजुर रहमान (चार ओवर में 22 रन पर दो विकेट) और महीश तीक्षणा (चार ओवर में एक विकेट पर 28 रन) का अच्छा साथ मिला। केकेआर के कप्तान श्रेयस अय्यर ने 32 गेंद में सबसे ज्यादा 34 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते हुए रचिन रविंद्र ने तीसरे ओवर में स्टार्क के खिलाफ तीन चौके जड़े लेकिन अगले ओवर में वैभव अरोड़ को गेंद को लॉन्ग ऑन पर वरुण चक्रवर्ती को कैच दे बैठे। गायकवाड़ ने पांचवें ओवर में अनुकूल रॉय के खिलाफ कदमों और टाइमिंग का इस्तेमाल का तीन कलात्मक चौके लगाये। उन्होंने अगले ओवर में वैभव की गेंद पर लगातार दो चौके जड़े जिससे पावरप्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 52 रन हो गया। तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये डेरिल मिचेल ने नारायण के खिलाफ छक्का और चौका लगाकर हाथ खोला। दोनों ने इसके बाद संभल कर बल्लेबाजी करते हुए दौड़कर रन चुराने पर ध्यान दिया। रुतुराज ने 12वें ओवर में चक्रवर्ती की गेंद पर दो रन लेकर मौजूदा सत्र का अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। नारायण ने अगले ओवर में मिचेल को बोल्ड कर केकेआर को दूसरी सफलता दिलायी।



### पंजाब-सनराइजर्स के बीच आज होगा मुकाबला

**मुल्लांपुर।** पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इंडियन प्रीमियर लीग में मंगलवार को यहां जब आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें जीत हासिल करके अंक तालिका में अपनी स्थिति बेहतर करने पर टिकी होंगी। सनराइजर्स और पंजाब दोनों ने चार-चार मैच में समान दो जीत दर्ज की हैं और दो मैच गंवाए हैं।

### केकेआर-137/9 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सॉल्ट का जडेजा बो देशपांडे | 00 |
| सुनील का तीक्षणा बो जडेजा | 27 |
| रघुवंशी पगबाधा जडेजा | 24 |
| अय्यर का जडेजा बो मुस्तफिजुर | 34 |
| वेंकटेश का मिचेल बो जडेजा | 03 |
| रमनदीप सिंह बो तीक्षणा | 13 |
| रिंकू सिंह बो देशपांडे | 10 |
| आंद्रे रसेल का मिचेल बो देशपांडे | 10 |
| अनुकूल रॉय नाबाद | 03 |
| स्टार्क का रचिन बो मुस्तफिजुर | 00 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 01 |

अतिरिक्तः 13
कुल योगः(20 ओवर में नौ विकेट पर) 137 रन
विकेट पतनः 1-0, 2-56, 3-60, 4-64, 5-85, 6-112, 7-127, 8-135, 9-135
गेंदबाजीः देशपांडे 4-0-33-3, मुस्तफिजुर 4-0-22-2, शारदुल 3-0-27-0, तीक्षणा 4-0-28-1, जडेजा 4-0-18-3, रचिन रविंद्र 1-0-4-0

### सीएसके-141/3 (17.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रविंद्र का चक्रवर्ती बो अरोड़ा | 15 |
| रुतुराज नाबाद | 67 |
| डेरिल मिचेल बो नारायण | 25 |
| शिवम दुबे बो अरोड़ा | 28 |
| महेंद्र सिंह धोनी नाबाद | 01 |

अतिरिक्तः 05
कुल योगः (17.4 ओवर में तीन विकेट पर) 141 रन
विकेट पतनः 1-27, 2-97, 3-135
गेंदबाजीः स्टार्क 3-0-29-0, अरोड़ा 4-0-28-2, अनुकूल 1.4-0-18-0, नारायण 4-0-30-1, चक्रवर्ती 4-0-26-0, रसेल 1-0-8-0

**खास खबर**

## नागल ने मोंटे कार्लो मास्टर्स में दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी को हराया



**मोंटे कार्लो।** भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने यहां दुनिया के 38वें नंबर के खिलाड़ी मात्तेओ अर्नाल्डी को हराकर पहली बार एटीपी मास्टर्स टूर्नामेंट में मुख्य ड्रॉ में जीत दर्ज की। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी नागल ने क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के जरिए एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में प्रवेश किया था। उन्होंने इतालवी प्रतिद्वंद्वी को 5-7, 6-2, 6-4 से हराया। अब उनका सामना डेनमार्क के होल्गर रूने से होगा जो विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर है। इस सत्र में नागल ने दूसरी बार शीर्ष 50 में शामिल खिलाड़ी को हराया है। उन्होंने सत्र की शुरुआत में मेलबर्न में आस्ट्रेलियाई ओपन में दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी अलेक्जेंडर बुबलिक को मात दी थी। इसके अलावा मार्च 2021 में विश्व रैंकिंग में 22वें स्थान पर काबिज चिली के क्रिस्टियन गारिन को हराया था।

## अमर और पुरुष टीम को एशिया ओशियाना 24 घंटे की अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण

**नई दिल्ली।** अमर सिंह देवांडा ने अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़कर व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और पुरुष टीम ने भी लगातार दूसरी बार आईएयू 24 घंटे की एशिया ओशियाना अल्ट्रा रनिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। चैंपियनशिप का आयोजन आस्ट्रेलिया के कैनबरा में हुआ था। देवांडा ने 272.537 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने पिछली बार बेंगलुरु में भी स्वर्ण पदक जीता था। देवांडा ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड 15 किलोमीटर से तोड़ा। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ के अनुसार भारत के उल्लास नारायणा तीसरे और सौरव रंजन चौथे स्थान पर रहे। भारतीय टीम ने 758.248 किलोमीटर की दूरी तय करके स्वर्ण पदक जीता। आस्ट्रेलिया दूसरे और न्यूजीलैंड तीसरे स्थान पर रहा। महिला वर्ग में शशि मेहता व्यक्तिगत वर्ग में आठवें स्थान पर रही। मेहता, मीनल कोटक और प्रीति लाला की भारतीय टीम चौथे स्थान पर रही। आस्ट्रेलिया को स्वर्ण, न्यूजीलैंड को रजत और चीनी ताइपै को कांस्य पदक मिला।



## खबर संक्षेप



### अपेक्षाओं से दबाव महसूस नहीं करता

**लखनऊ।** कई लोगों के विपरीत यश ठाकुर को अपेक्षाओं का बोझ पसंद है। इसलिए मयंक यादव के चोटिल होने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान लोकेश राहुल ने जब उनमें मैच विजेता देखा तो इस युवा तेज गेंदबाज को इससे आत्मविश्वास मिला और उन्होंने आईपीएल में पहली बार पारी में पांच विकेट चटकाए। विदर्भ के 25 वर्षीय तेज गेंदबाज यश पर उस समय सभी का ध्यान केंद्रित हो गया था जब तेज गेंदबाज मयंक की मांसपेशियों में रविवार रात यहां गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच के दौरान खिंचाव आ गया और उनकी जगह यश ने शानदार गेंदबाजी की।

### कार्यकारी परिषद के सदस्य मुझे कर रहे दरकिनार

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि बागी कार्यकारी परिषद के सदस्य अवज्ञा करके उन्हें दरकिनार करने की कोशिश कर रहे हैं जिसमें उनके द्वारा नियुक्त एक अधिकारी को सेवा बर्खास्तगी पत्र जारी करना भी शामिल है। शुक्रवार को कार्यकारी परिषद के नौ सदस्यों ने यहां आईओए कार्यालय परिसर में एक हस्ताक्षरित नोटिस चिपकाया था जिसमें 'अनधिकृत व्यक्तियों' को संघ के मुख्यालय में प्रवेश नहीं करने के लिए कहा गया था।



### ब्रूक की जगह दिल्ली से जुड़े विलियम्स

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में हैरी ब्रूक के विकल्प के तौर पर सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लिजाड विलियम्स को टीम में शामिल किया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ब्रूक अपनी दादी के निधन के कारण टूर्नामेंट से हट गए थे। वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय पदार्पण के बाद से 30 साल के विलियम्स ने दो टेस्ट, चार एकदिवसीय और 11 टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है। वह 50 लाख रुपए के आधार मूल्य पर दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ेंगे।

## राष्ट्रीय शिविर में हॉकी इंडिया का अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने आगामी एफआईएच प्रो लीग मुकाबलों की तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए राष्ट्रीय शिविर में अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया और फॉरवर्ड वंदना कटारिया जैसे सीनियर खिलाड़ियों को 33 संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल किया है। कुछ नए चेहरों को भी जगह मिली है।

हॉकी इंडिया ने पहले शिविर के लिए 60 खिलाड़ियों को चुना था जिसमें से छह और सात अप्रैल को हुए चयन ट्रायल और राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद छंटनी की गई। भारतीय महिला हॉकी टीम 22 मई से होने वाले प्रो लीग मुकाबलों के लिए अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी और ब्रिटेन से खेलने एंटवर्प और लंदन जाएगी।



### 33 सदस्यीय संभावित ग्रुप

**गोलकीपर** : सविता पूनिया, बिछू देवी खारीबम, बंसरी सोलंकी, माधुरी किंडो।
**डिफेंडर** : निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, रोपनी कुमारी, महिमा चौधरी, ज्योति छत्री, प्रीति मिडफील्डर : सलीमा टेटे, मरीना एल, वैष्णवी फाल्के, नेहा, ज्योति, एडुला ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, अक्षता ढेकाले, अजमीना कुजूर, निशा
**फॉरवर्ड** : मुमताज खान, लालरेम्सियामी, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, नवनीत कौर, दीपिका सोरेंग, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, रूतुजा पिसाल।

## ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियन बनी श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी

- पीडीएसयू सीकर और सम्बलपुर यूनिवर्सिटी सम्बलपुर संयुक्त तौर पर तीसरे स्थान पर रही
- विजेता टीम के लिए यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबड़ेवाला ने की 2 लाख रइनाम की घोषणा
- फाइनल मुकाबले में मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को 7 रन से हराया

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली/झुंझुनूं



ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट (पुरूष वर्ग) चैंपियनशिप 2023-24 श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं ने वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर को रोमांचक फाइनल मुकाबले में 7 रन से हराकर ट्राफी जीत ली। इसके साथ ही मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं इस चैंपियनशिप को जीतने वाली राजस्थान की पहली यूनिवर्सिटी भी बनी। विजेताओं को ट्राफी यूनिवर्सिटी चेयरपर्सन डॉ विनोद टिबडेवाला के मार्गदर्शन में प्रेजीडेंट डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल द्वारा सौंपी गई। डॉ विनोद कुमार दुर्गादत्त टिबडेवाला खेल संकुल में 30 मार्च से प्रारम्भ हुई ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी क्रिकेट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला मेजबान श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी और पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी के सलामी बल्लेबाज जतिन कादयान ने 38 रन और अमित दलाल ने 25 रन बनाते हुए टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। मेजबान टीम का पहला विकेट 60 रन पर गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान लक्ष्य ने 50 रन बनाए और सोनू के 14 रन के सहयोग से 15 ओवर में 4 विकेट खोकर 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल यूनिवर्सिटी जौनपुर के सलामी बल्लेबाज सुधांशु ने 48 रन और प्रियांशु ने 42 गेंद पर 23 रन की पारी खेलते हुए टीम को मजबूत स्तिथि में पहुंचाया। अंतिम ओवरों में मेजबान श्री जेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के स्पिनर गेंदबाजों द्वारा शिकंजा कसने से अंतिम ओवर तक खिंचे मुकाबले में 15 ओवर खेलते हुए पूर्वांचल यूनिवर्सिटी 133 रन ही बना सकी और फाइनल मुकाबला 7 रन से हार गई। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ अजीत कुमार, निदेशक सम्पदा इंजीनियर बालकृष्ण टिबड़ेवाला, परामर्श समिति सदस्या डॉ मधु गुप्ता, खेल बोर्ड सचिव डॉ अरुण कुमार, मुख्य वित्त अधिकारी डॉ अमन गुप्ता, शारीरिक शिक्षा विभाग प्राचार्य पर चैंपियन टीम के प्रशिक्षक डॉ मनोज गोयल एवं विभिन्न टीमों के प्रबंधक, प्रशिक्षक, खिलाड़ी एवं यूनिवर्सिटी प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## आज से शुरू होगा बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप

# सिंधू और साथियों की पदक की राह मुश्किल

एजेंसी ⏭ निंगबो

पीवी सिंधू सहित भारत के स्टार खिलाड़ियों को मंगलवार से यहां क्वालीफायर के साथ शुरू हो रही बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में पदक की राह में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की चुनौती का सामना करना होगा। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक और गत चैंपियन जोड़ी के अंतिम लम्हों में हटने से इस महाद्वीपीय व्यक्तिगत चैंपियनशिप में भारत की पदक की उम्मीदें अब एकल खिलाड़ियों पर टिकी हैं।

यह ओलंपिक क्वालीफिकेशन रैंकिंग अंक देने वाला आखिरी बड़ा टूर्नामेंट है जिससे इसकी अहमियत बढ़ गई है और इस सप्ताह टूर्नामेंट में कुछ कड़े मुकाबले देखने को मिलेंगे। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू ने फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की चेन यूफेई के खिलाफ मुकाबले को तीन गेम तक खींचकर अपनी पुरानी फॉर्म की झलक दिखाई। चोट के बाद वापसी करते हुए करीबी मैचों को जीतने में नाकामी के कारण सिंधू की हताशा साफ नजर आई जब स्पेन मास्टर्स में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ हार के बाद उन्होंने अपना रैकेट कोर्ट पर दे मारा। सिंधू को शीर्ष वरीय आन से यंग, ओलंपिक चैंपियन यूफेई, ताइ जु यिंग, अकाने यामागुची और ही बिंगजियाओ जैसी शीर्ष खिलाड़ियों की मौजूदगी वाले टूर्नामेंट में एक बार फिर खुद को परखने का मौका मिलेगा। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू अपने अभियान की शुरुआत मलेशिया की दुनिया की 33वें नंबर की खिलाड़ी गोह जिन वेई के खिलाफ करेंगी। आकर्षी कश्यप को पहले दौर में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान से भिड़ना है।



### सेन के सामने युकी की कड़ी चुनौती

पुरुष एकल में लक्ष्य सेन को पहले ही दौर में शीर्ष वरीय शी युकी की कड़ी चुनौती का सामना करना है। लक्ष्य एशियाई खेलों के अपने प्रदर्शन से प्रेरणा लेना चाहेंगे जहां उन्होंने चीन के खिलाड़ी को टीम चैंपियनशिप में हराया था। सातवें वरीय एचएस प्रणय अपना अभियान ल्यू गुआंग झू के खिलाफ शुरू करेंगे। दुनिया के 27वें नंबर के खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत के सामने दुनिया के तीसरे नंबर के खिलाड़ी और दूसरे वरीय एंथोनी गिनटिंग की कड़ी चुनौती है। युवा भारतीय खिलाड़ी प्रियांशु राजावत को पहले दौर में मलेशिया के ली जी जिया से भिड़ना है। सात्विक-चिराग की गैरमौजूदगी में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला तथा कृष्ण प्रसाद गारगा और साई प्रतीक के पुरुष युगल में चुनौती पेश करेंगे।

## गुकेश ने कारुआना को बराबरी पर रोका, विदित गुजराती हारे

एजेंसी ⏭ टोरंटो



ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो कारुआना को बराबरी पर रोका लेकिन विदित गुजराती को रूस के इयान नेपोमनियाची के खिलाफ एक और हार का सामना करना पड़ा।

आर प्रज्ञानानंदा ने अमेरिका के हिकारू नाकामूरा से अंक बांटे जबकि अजरबेजान के निजात अबासोव और फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा की बाजी भी बराबरी पर छूटी। आठ खिलाड़ियों की इस डबल राउंड रोबिन प्रतियोगिता से अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला होगा। नेपोमनियाची सफेद मोहरों से खेलते हुए दूसरी जीत से तीन अंक के साथ टूर्नामेंट में एकल बढ़त बनाने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उनसे आधा अंक पीछे कारुआना और गुकेश ढाई अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानानंदा दो अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं जबकि विदित, अबासोव, अलीरेजा और नाकामूरा चारों के समान डेढ़ अंक हैं।

## चिंतन

# मानवता के लिए युद्धविराम विराम पर विचार करना होगा

रह रहकर ऐसी खबरें आ रही है कि इजराइल-हमास में युद्धविराम हो सकता है। ब्रिटेन समेत विश्व बिरादरी के अनेक देश इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। सोमवार को भी ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर युद्ध रोके जाने का आह्वान किया। ऐसा करना जरूरी भी हो गया है। इजराइल और हमास की जंग में पिस रहे गाजा के 22 लाख लोग देखते-देखते मानव निर्मित अकाल और भुखमरी का शिकार होने के कगार पर हैं। इंसानी समाज के सामूहिक विवेक पर भारी पड़ता यह सवाल हर पल वास्तविकता में तब्दील होने की ओर बढ़ रहा है। युद्ध शुरू होने के साथ ही गाजा के हालात की भयावहता को लेकर ऐसी आशंकाएं थीं, मगर दावों और प्रतिदावों के बीच वास्तविक स्थिति का पता करना मुश्किल हो रहा था। पिछले महीने इंटीग्रेटेड फूड सिक्यॉरिटी फेज क्लासिफिकेशन सिस्टम की रिपोर्ट ने इस भयावहता की तस्वीर को साफ कर दिया है। इजराइल ने भी इस रिपोर्ट का खंडन नहीं किया है। इस रिपोर्ट में बताया गया कि गाजा की कुल आबादी का आधा हिस्सा और गाजा शहर में अब भी रह रहे करीब 3 लाख लोगों का पचास फीसदी हिस्सा अकाल के कगार तक पहुंच चुका है। अब तक भूख से हुई मौतों का कोई आंकड़ा तो नहीं है, लेकिन एक साल पहले तक गाजा में दो साल से कम उम्र के 29 प्रतिशत बच्चे गंभीर कुपोषण से ग्रस्त थे अब उनकी संख्या बहुत ज्यादा हो गई है। हालात ये हैं कि 66 फीसदी परिवार महीने में कम से कम 10 बार चौबीसों घंटे भूखे रहने को मजबूर हैं। युद्ध के चलते न केवल गाजा में राहत सामग्री का पहुंचना मुश्किल हुआ है, बल्कि धमाकों के बीच इनके वितरण में भी परेशानी आ रही है। पिछले महीने ही एक खाद्य वितरण केंद्र पर बम गिरने की खबरें भी आई थी। यही नहीं, आरोप तो यहां तक लग रहे हैं कि इजराइली सेना ने खेती की ज्यादातर जमीन पर कब्जा कर लिया है, जिसके चलते यहां पैदा होने वाले खाद्यान्न पर भी उसका कब्जा हो गया है। युद्ध के पीछे इजराइल के अपने तर्क हैं। उसका कहना है कि जब तक उसके नागरिकों को रिहा नहीं किया जाता युद्ध खत्म नहीं होगा। इजराइली अधिकारियों का कहना है कि हमास द्वारा बंदी बनाए गए उसके नागरिकों के शव बरामद हो रहे हैं, इसलिए युद्ध को बीच में नहीं रोक सकते। अगर हमास सभी बंदियों को छोड़ देगा तो युद्ध खुद खत्म हो जाएगा। अगर इजराइल सरकार की यह बात मान भी ली जाए कि लड़ाई हमास के खिलाफ है और आम लोगों को नुकसान पहंचाने का उसका कोई इरादा नहीं है तो भी व्यवहार में इससे कोई खास फर्क नहीं पड़ रहा। गाजा की आबादी को भुखमरी जैसे हालात से बचाने का एकमात्र उपाय यही है कि तत्काल युद्धविराम लागू कर बड़े पैमाने पर राहत और खाद्य सामग्री पहुंचाई जाए। सुरक्षा परिषद भी इस आशय का प्रस्ताव पारित कर चुकी है, लेकिन इस पर अमल के कोई आसार नहीं दिख रहे। सोमवार को यह खबरें आई कि युद्ध विराम हो सकता है। इजराइली सेना साउथ गाजा के खान यूनिस शहर से पीछे हट गई है, लेकिन कुछ ही देर बाद इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट का बयान सामने आ गया कि इजराइली सेना खान यूनिस से हटने के बाद, राफा शहर में जमीनी हमले की तैयारी कर रही है। यहां जंग शुरू होने के बाद से हवाई हमले हो रहे थे। अब सैनिक शहर में घुसकर आतंकियों को मारेंगे। तय है कि इससे हालात और विकट होंगे। पहले ही भुखमरी के शिकार हो रहे बच्चों का जीवन खतरे में चला जाएगा। इजराइल के अपने तर्क सही हैं, लेकिन मानवता के आधार पर उन लोगों के बारे में भी विचार करना जरूरी है, जो बेवजह युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं।

## सारा संसार



*कोयम्बटूर का भगवान गणेश को समर्पित ईचनारी विनयगर, 1500 ईस्वी पूर्व में बनाया गया था। इस जगह से जुड़ी एक पौराणिक कथा है। ऐसा माना जाता है कि जब भगवान विनायक की मूर्ति को पट्टीश्वर मंदिर ले जाया जा रहा था, तो गाड़ी की एक धुरी टूट गई। उसी स्थान पर मंदिर बनाया गया।*

**नव सवंत्सर**
**डॉ सूर्यकांत मिश्रा**



# हिंदू नव वर्ष की सार्थकता वैज्ञानिकों ने भी मानी

भारतीय पंचांग के अनुसार हमारा नया साल प्रतिवर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ होता है। इस वर्ष यह शुभ तिथि 9 अप्रैल को हमें विक्रम संवत 2081 में प्रवेश दिलाने जा रही है। हिंदू धर्मावलंबी एवं सनातन धर्म को अंगीकार करने वाला हर व्यक्ति यह जानता है कि हम अपने नए वर्ष के उत्साह में फूहड़ता समझे जाने वाले किसी भी आयोजन से दूर रहते हैं। कितने गौरव की बात है कि हमारा नया वर्ष हमें 'मां भगवती' की नौ दिनों की आराधना से जोड़ते हुए भक्ति और श्रद्धा का अनुपम आनंद प्रदान करता है। हिंदू धर्म को मानने वाले यह जानते हैं कि भारतीय काल गणना के अनुसार मनाए जाने वाले त्योहारों के पीछे कोई न कोई प्रेरणा विद्यमान है। हम यह भी जानते हैं कि हिंदी पंचांग के अंतिम माह फाल्गुन का वातावरण हमें वर्ष समाप्ति का संकेत देता है। हमें गर्व है अपने ऋषि-मुनि और संतों पर जिन्होंने ऐसी काल गणना विकसित की, जिसमें कब क्या होना है? इन तथ्यों की संपूर्ण जानकारी समाहित है। हमारा इतिहास बताता है कि बीते हजारों वर्षों में अनेक देशी और विदेशी शासकों ने अपनी साम्राज्यवादी आकांक्षाओं की तुष्टि करने तथा राजनीतिक दृष्टि से देश को पराधीन बनाने की मंशा के साथ अनेक संवतों को चलाया। इतना कुछ होने के बाद भी भारतवर्ष की सांस्कृतिक पहचान केवल विक्रम संवत के साथ ही जुड़ी रही। नव-वर्ष के संदर्भ में महान गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से ही दिन, मास, वर्ष और युगादि का प्रारंभ माना है। इतिहास उठाकर देखा जाए तो युगों मे प्रथम सतयुग का शुभारंभ भी इसी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से हुआ था। कल्पयादि-सृष्टियादि-युगादि आरंभ को लेकर इस दिवस के साथ प्राचीनता का इतिहास मिलता है। सृष्टि की रचना को लेकर भी ऋषि-मुनियों तथा वैदिक गणित के विद्वानों ने इसी दिवस की गणना की है। गणितज्ञ भास्कराचार्य ने भी इसी दिन को आधार मानते हुए गणना कर पंचांग की रचना की। यही विभिन्न ग्रहों, चंद्रमा एवं सूर्य की गति एवं दिशाओं का उतनी प्रामाणिकता के साथ निर्धारण करता है, जितना कि आधुनिक सैटेलाइट। हिंदू नव-वर्ष में रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। ठंड की समाप्ति और ग्रीष्म का प्रारंभ अत्यंत ही मधुर व आनंददायक आगमन का अनुभव देता है। पतझड़ समाप्त होता है और बसंत ऋतु के आगमन का आगाज होने लगता है। प्रकृति में हर जगह हरियाली छा जाती है। ऐसा प्रतीत होने लगता है जैसे प्रकृति ने नव-श्रृंगार किया हो। यह बिना किसी संशय के कहा जा सकता है कि बिना पंचांग और कैलेंडर के प्रकृति और आकाश को पढ़कर हिंदू धर्मावलंबी अपने नए-वर्ष को पा लेते हैं। ऐसा दिव्य नव-वर्ष अन्य किसी धर्म में दुर्लभ है। सनातनी नव-वर्ष को लेकर विवेकानंद ने कहा है 'यदि हमें गौरव से जीने का भाव जगाना है, अपने अंतर्मन में राष्ट्र भक्ति के बीज को पल्लवित करना है, तो राष्ट्रीय तिथियों का आश्रय लेना होगा। गुलाम बनाए रखने वाले लोगों की दिनांकों पर आश्रित रहने वाला आत्म गौरव खो बैठता है। हिंदू नव-वर्ष का दिन हमारे मन में यह उद्घोष जगाता है कि हम पृथ्वी माता के पुत्र हैं। सूर्य, चंद्र तथा नवग्रह हमारे आधार हैं। प्राणी मात्र हमारे पारिवारिक सदस्य हैं। यही कारण है कि हमारी संस्कृति का बोध वाक्य 'वसुधैव कुटुंबकम' को सार्थकता प्रदान करता है। विक्रमी संवत के स्मरण मात्र से ही सम्राट विक्रमादित्य और उनके विजय अभियान की याद ताजा हो जाती है। क्या हम इस सच्चाई से मुंह मोड़ सकते हैं कि हम नव-वर्ष की शुरुआत गो-माता की पूजा से करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**चुनावी बॉन्ड**
**आलोक शुक्ला**

# राजनीतिक फंडिंग में पारदर्शिता जरूरी

> सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया और टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में चुनावी बॉन्डों को असंवैधानिक करार दिया है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले के बाद से सोशल मीडिया ओर टीवी चैनलों पर राजनीतिक फंडिंग में शुचिता को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सारे विपक्षी दल इसे सदी का सबसे बड़ा घोटाला कह रहे हैं,परन्तु राजनीतिक फंडिंग में भ्रष्टाचार केवल चुनावी बॉन्डों तक ही सीमित नहीं है। हमें यह समझना होगा कि कोई भी वित्तीय तंत्र यदि अपारदर्शी हो तो उसके भ्रष्ट होने की संभावना बढ़ जाती है। भारत में चुनावी बॉन्डों की योजना आने के पहले भी राजनीतिक फंडिंग पूरी तरह से अपारदर्शी रही है और बड़े राजनीतिक भ्रष्टाचार का स्रोत भी रही है। चुनावी बॉन्डों ने इस भ्रष्टाचार को परवान चढ़ाया है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म्स की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019-20 में सभी राजनीतिक दलों की आय के लगभग 71 प्रतिशत के स्रोत की जानकारी नहीं है। इसमें चुनावी बॉन्डों से प्राप्त आय, कूपन विक्रय से आय, अन्य स्रोतों से आय, स्वैच्छिक चंदा, मीटिंग एवं मोर्चा आदि के लिए चंदा, आदि मद शामिल हैं। मुख्य बात यह है कि राजनीतिक दलों को यह धन किसने दिया इस बात की कोई जानकारी नहीं है। विकीपीडिया के एक आलेख में राष्ट्रीय राजनीतिक दलों के बारे में बताया गया है कि वर्ष 2020-21 में भाजपा की 61 प्रतिशत आय, टीएमसी की 97 फीसदी आय, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की 72 फीसदी आय एवं सीपीएम की 48 प्रतिशत आय के स्रोत की जानकारी नही है। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों की स्थिति भी लगभग ऐसी ही है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता के संबंध में भारत में वैधानिक प्रावधान बहुत लचीले हैं। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29बी के अंतर्गत राजनीतिक दल किसी भी व्यक्ति अथवा कंपनी से चंदा प्राप्त कर सकते हैं, बशर्ते वह शासकीय कंपनी न हो। धारा 29सी के अंतर्गत इस प्रकार प्राप्त चंदे की घोषणा करने का प्रावधान है, जिसके अनुसार बीस हजार रुपये से अधिक का चंदा देने वाले व्यक्तियों का विवरण देना अनिवार्य किया गया है और यह प्रावधान भी है कि यदि कोई राजनीतिक दल यह विवरण चुनाव आयोग को नहीं देता है तो उसे आयकर की छूट का लाभ नहीं मिलेगा। अधिकांश राजनीतिक दल यही कहते रहे हैं कि उन्हें लगभग सभी व्यक्ति बीस हज़ार रुपये से कम चंदा देते हैं, इसलिए न तो उन्हें चंदा देने वालों का विवरण आयोग को देने की आवश्यकता है और न ही वे उनका विवरण अपने पास रखते हैं। वर्ष 2009 से 2014 के मध्य मैं स्वयं चुनाव आयोग में था। आयोग ने उस समय राजनीतिक दलों से इस बात का प्रमाण मांगना प्रारंभ किया था, कि उन्हें वास्तव में प्रति व्यक्ति 20,000 रुपये से कम राशि मिली है। इसके लिए आयोग ने राजनीतिक दलों से चंदे की रसीदों के काउंटर फॉयल मांगने प्रारंभ किए। नतीजा यह हुआ कि राजनीतिक दलों ने फर्जी काउंटर फॉयल बनाना प्रारंभ कर दिया। अनेक चुनावों में ज़िला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा डाले गए छापों में राजनीतिक दलों के कार्यालयों से ऐसे फर्जी काउंटर फॉयलों के बंडल तक





मिले,क्योंकि इस संबंध में कोई आपराधिक धाराएं कानून में नहीं हैं इसलिए किसी राजनीतिक दल पर कोई कार्यवाही नहीं हो पाई। राजनीतिक दल इस प्रकार बीस-बीस हज़ार रुपये का हिसाब रखते हुए काफी परेशान थे, इसलिए वर्ष 2013 में एक इलेक्टोरल ट्रस्ट योजना प्रारंभ की गई। इस योजना के अंतर्गत इलेक्टोरल ट्रस्ट एक नॉन प्रॉफिट संस्था के रूप में पंजीकृत किए जाते हैं। कोई भी व्यक्ति अथवा कंपनी इलेक्टोरल ट्रस्ट को धन दे सकते हैं। इसके बाद इलेक्टोरल ट्रस्ट अपनी मर्जी से इस धन से राजनीतिक दलों को चंदा दे सकता है। इस योजना के द्वारा चंदा देने वाले व्यक्ति और चंदा प्राप्त करने वाले राजनीतिक दल के बीच सीधा संबंध समाप्त कर दिया गया। इससे कुछ हद तक राजनीतिक चंदा देने वालों की गोपनीयता रखने की गुंजाइश हो गई। कानूनी रूप से ट्रस्ट के लिए दानदाता की इच्छा के अनुसार राजनीतिक दलों को चंदा देने का कोई बंधन नहीं है। यदि कोई कंपनी बड़े पैमाने पर इलेक्टोरल ट्रस्ट को पैसा दे रही है, और उस ट्रस्ट का अधिकांश पैसा किसी विशेष राजनीतिक दल को ही जा रहा है जो यह अंदाज़ा लगाया जा सकता है कि कंपनी किस राजनीतिक दल की फंडिंग कर रही है। इससे निपटने के लिए वर्ष 2018 में चुनावी बॉन्ड योजना प्रारंभ की गई। इस योजना में चुनावी बॉन्ड दानदाता की जानकारी पूरी तरह से गोपनीय कर दी गई, इसीलिए चुनावी बॉन्ड योजना ने राजनीतिक चंदे को पूरी तरह अपारदर्शी बनाकर भ्रष्टाचार का रास्ता खोल दिया। पूर्व में केवल वही कंपनी चुनावी चंदा दे सकती थी जो कम से कम 3 साल से अस्तित्व में हो। कंपनी द्वारा दिया गया चंदा पिछले 3 वर्षों के औसत शुद्ध लाभ के 7.5 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकता था और इस चंदे का खुलासा कंपनी को प्रत्येक वित्त वर्ष में अपने शेयरहोल्डरों को दी जाने वाली रिपोर्ट में करना अनिवार्य था। वर्ष 2018 के संशोधन व्दारा इन तीनों ही शर्तों को हटा दिया गया। इसका नतीजा यह हुआ कि यदि कोई कंपनी आज ही बनी हो तो भी वह राजनीतिक चंदा दे सकती है, कंपनी कितना भी चंदा दे सकती है, और कंपनी को अपने शेयरधारकों को इसकी जानकारी देना भी आवश्यक नहीं है। हाल ही में चुनावी बॉन्डों का डेटा सार्वजनिक होने के बाद यह पता लगा है कि कई कंपनियों ने कुल राजस्व से भी अधिक राशि चंदे में दी है।

भारत में राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शिता न होने के प्रमुख कारण हैं निर्वाचन आयोग की एक्सपेंडीचर गाइडलाइन किसी कानून के अंतर्गत नहीं है और इसलिए उसका पालन नहीं करने वालों पर कोई विधिक कार्यवाही नहीं हो पाती, निर्वाचन आयोग को दी जाने वाली जानकारी की आयकर विभाग, न तो ठीक प्रकार से स्क्रूटिनी करता है और न ही उसे बाध्य करने का कोई कानून है, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 77 केवल अभ्यर्थियों के निर्वाचन व्यय को विनियमित करती है। राजनीतिक दलों के व्यय पर कोई नियंत्रण नहीं है, चुनावी चंदे में कोई पारदर्शिता नहीं है। यहां तक कि उन्हें अपने शेयरधारकों तक को बताने की आवश्यकता नहीं है, चुनावी बॉन्ड पूरी तरह अपारदर्शी है। चुनाव आयोग की तथाकथित सख्ती और जब्ती का कोई लाभ तब तक नहीं होगा जब तक चंदे और दान में पारदर्शिता न रखी जाए। दुःख इस बात का है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी निभाने वाला चुनाव आयोग भी पारदर्शिता की नहीं, बल्कि गोपनीयता की वकालत करता दिख रहा है। दिनांक 16 मार्च 2024 को लोक सभा चुनावों की घोषणा करते समय अपनी प्रेस कार्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने 2 बार कहा कि इलेक्टोरल बॉन्डों के दानदाताओं की गोपनीयता रखना आवश्यक है। इलेक्टोरल बॉन्डों पर सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय ने प्रजातंत्र में विश्वास रखने वाले लोगों को आसरा दिया है। उम्मीद करनी चाहिए कि संसद द्वारा बनाए गए कानून का इंतज़ार किए बिना सर्वोच्च न्यायालय से ही हमें राजनीतिक फंडिंग की पारदर्शी व्यवस्था मिल सकेगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## मानव के लिए नैतिक मूल्यों का महत्व



संकलित
**दर्शन**

नैतिक मूल्य मानव को परिपूर्णता प्रदान कर उसे ईश्वरीय रचनाओं में श्रेष्ठ बनाते हैं, परंतु आधुनिकता के नाम पर इन मूल्यों का निरंतर अवमूल्यन होता जा रहा है। बढ़ता भौतिकवाद उन्हें लील रहा है। परिणामस्वरूप नैतिकता घुट-घुटकर ही सांस ले पा रही है। यह स्थिति तब है जब नैतिकता को मानव समाज के अभिन्न अंग के रूप में मान्यता मिली है। नैतिकता के अभाव में मनुष्यता का आकलन संभव ही नहीं। नैतिकता व्यक्ति के विकास में एक सीढ़ी के समान है, जिसके सहारे हम अपने जीवन में आगे बढ़ते हैं। नैतिक मूल्यों के अभाव में मनुष्य मानव जीवन को निरर्थक बना देता है। प्रख्यात विचारक अल्बेयर कामू ने भी कहा है कि नैतिकता के बिना एक व्यक्ति इस दुनिया में किसी पशु के समान है। हम जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय नैतिक कसौटी पर कसने के बाद ही करते हैं, लेकिन देखने में आता है कि कई बार मनुष्य उसे अनदेखा कर फैसला करता है, जो नैतिक पतन का कारण बनता है। स्मरण रहे कि ईश्वर ने हमें सिर्फ सुख भोगने के लिए ही इस संसार में नहीं भेजा है। इसीलिए केवल भौतिक सुखों के लिए नैतिकता का परित्याग करना उचित नहीं। इसका एक कारण यही है कि अब हमने अपने अंतःकरण की आवाज को अनसुना करना आरंभ कर दिया है। हमें यह पता होता है कि अमुक कार्य नैतिक रूप से सही नहीं, लेकिन सुख के लिए वह कार्य करने से संकोच नहीं करते। इसमें अक्सर दूसरे के हितों की बलि चढ़ जाती है।

## ब्राह्मण का सपना



संकलित
**प्रेरणा**

एक नगर में कोई कंजूस ब्राह्मण रहता था। उसने भिक्षा से प्राप्त सत्तुओं में से थोड़े से खाकर शेष से एक घड़ा भर लिया था। उस घड़े को उसने रस्सी से बांधकर खूंटी पर लटका दिया और उसके नीचे पास ही खटिया डालकर उस पर लेटे-लेटे विचित्र सपने लेने लगा और कल्पना के हवाई घोड़े दौड़ाने लगा। उसने सोचा कि जब देश में अकाल पड़ेगा तो इन सत्तुओं का मूल्य 100 रुपये हो जाएगा। उन सौ रुपयों से मैं दो बकरियां लूंगा। छह महीने में उन दो बकरियों से कई बकरियां बन जाएंगी। उन्हें बेचकर एक गाय लूंगा। गायों के बाद भैंसें लूंगा और फिर घोड़े। घोड़ों को महंगे दामों में बेचकर मेरे पास बहुत सा सोना हो जाएगा। सोना बेचकर मैं बहुत बड़ा घर बनाऊंगा। मेरी सम्पत्ति को देखकर कोई भी ब्राह्मण अपनी सुरूपवती कन्या का विवाह मुझसे कर देगा। वह मेरी पत्नी बनेगी। उससे जो पुत्र होगा उसका नाम मैं सोम शर्मा रखूंगा। जब वह घुटनों के बल चलना सीख जाएगा तो मैं पुस्तक लेकर घुड़शाला के पीछे की दीवार पर बैठा हुआ उसकी बाल-लीलाएं देखूंगा। उसके बाद सोम शर्मा मुझे देखकर मां की गोद से उतरेगा और मेरी ओर आएगा तो मैं उसकी मां को क्रोध से कहूँगा- 'अपने बच्चे को संभाल।' वह गृह-कार्य में व्यग्र होगी, इसलिए मेरा वचन न सुन सकेगी। तब मैं उठकर उसे पैर की ठोकर से मारूंगा। यह सोचते ही उसका पैर ठोकर मारने के लिए ऊपर उठा। वह ठोकर सत्तु-भरे घड़े को लगी। घड़ा चकनाचूर हो गया। कंजूस ब्राह्मण के स्वप्न भी साथ ही चकनाचूर हो गए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कलह की शिकार हो गईं पार्टियां

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव की तारीखें निकट आती जा रही हैं, वैसे-वैसे सभी राजनीतिक गठबंधनों के बीच का अंदरूनी कलह बंद कमरे से बाहर निकल कर सड़को पर आता जा रहा है। महाराष्ट्र में 2019 के मुकाबले एकदम नई तरह की परिस्थितियां सामने आ गई है। महाअघाड़ी में शामिल शिवसेना पार्टी से अलग होकर एकनाथ शिंदे ने बीजेपी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री पद तो प्राप्त कर लिया है, मगर उसके बाद अजीत पवार गुट के सत्ता में शामिल होने से उनकी अहमियत घटती जा रही है। क्योंकि बीजेपी की पूरे महाराष्ट्र पर अच्छी पकड़ है, इसलिए वह अपनी शर्तों पर सहयोगी दलों को सीटें आवंटित कर रही है, जिसे लेकर एनडीए में शामिल अन्य दल कसमसा रहे हैं।

**- महेंद्र विश्वकर्मा**, बलौदाबाजार

## ट्रेंड

### मोदी की गारंटी का परिणाम



छत्तीसगढ़ की जनता ने हमेशा भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी बस्तर समेत पूरे प्रदेश के मेरे परिवारजन एक सशक्त सरकार बनाने का मन बना चुके हैं। मोदी की गारंटी का परिणाम है कि पहले जो भारत को आंखें दिखाते थे, आज वो आटे के लिए भटक रहे हैं।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### चीजें उपयोग के लिए



लोगों का उपयोग करना और चीजों से प्यार करना-यह जीवन की पूरी तरह से गलतफहमी है। चीजें उपयोग के लिए हैं। लोग प्यार के लिए हैं। स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं है बल्कि संपूर्णता है।

-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### राजनीति में नहीं जा रहा



मैं अपने राजनीति में शामिल होने की सभी अफवाहों पर विराम लगाता हूं। मैं किसी पार्टी में शामिल नहीं हो रहा हूं या चुनाव नहीं लड़ रहा हूं। अगर मैं राजनीतिक क्षेत्र में कदम रखने का फैसला करता हूं तो मैं इसकी घोषणा करने वाला पहला व्यक्ति होऊंगा।

-संजय दत्त, अभिनेता

### ऐसे बनें आदर्श व्यक्ति



मैंने अपने गुरु से पूछा 'मुझे एक आदर्श व्यक्ति बनने के लिए क्या प्रयास करना चाहिए?' उन्होंने उत्तर दिया, 'एक उद्यमी का दिमाग, एक एथलीट का शरीर और एक कलाकार की आत्मा रखने का प्रयास करें।'

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

### मोदी समर्थकों ने अमेरिका के 16 शहरों में निकाली रैली



अमेरिकी राजधानी में ऐतिहासिक राष्ट्रीय स्मारक और लिंकन स्मारक से लेकर ईस्ट कोस्ट में प्रतिष्ठित गोल्डन ब्रिज तक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सैकड़ों समर्थकों ने आगामी लोकसभा चुनावों में उनकी जीत के लिए रैलियां कीं और भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के 400 से ज्यादा सीट जीतने की उम्मीद जताई। ओवरसीज फ्रेंड्स ऑफ बीजेपी (ओएफबीजेपी) यूएसए द्वारा रविवार को 'मोदी का परिवार मार्च' रैलियों का आयोजन किया गया था। एक मीडिया विज्ञप्ति में रविवार को कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी के दोबारा चुनाव और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के भारत में आगामी लोकसभा चुनावों में 400 से अधिक सीटें जीतने के समर्थन में 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर रैलियां आयोजित की गईं। ओएफबीजेपी-यूएसए के अध्यक्ष अदापा प्रसाद ने कहा, 'भारत के विभिन्न राज्यों, कश्मीर से केरल और महाराष्ट्र से लेकर पूर्व का प्रतिनिधित्व करने वाले भारतीय अमेरिकी समुदाय के सदस्य अमेरिका के 16 से अधिक शहरों में प्रमुख स्थानों पर 'मोदी का परिवार' के रूप में मार्च करने के लिए जुटे।

## ऑफ बीट

### क्या मेरा चश्मा मेरी नजर खराब कर रहा है?



कुछ लोग चश्मे पर बढ़ती निर्भरता को महसूस करते हैं और आश्चर्य करते हैं कि क्या उनकी आंखें 'आलसी' हो गई हैं। हमारी आंखें ऑटो-फोकस कैमरे की तरह ही काम करती हैं। प्रत्येक आंख के अंदर एक लचीला लेंस मांसपेशियों द्वारा नियंत्रित होता है जो लेंस को समतल करने के लिए मांसपेशियों को आराम देकर हमें दूर की वस्तुओं (जैसे फुटी स्कोरबोर्ड) पर ध्यान केंद्रित करने देता है। जब मांसपेशियाँ सिकुड़ती हैं तो यह लेंस को उन चीजों को देखने के लिए अधिक कठोर और शक्तिशाली बनाता है जो हमारे बहुत करीब हैं (जैसे कि एक टैक्स्ट मैसेज)। लगभग 40 वर्ष की आयु से, हमारी आंख का लेंस धीरे-धीरे सख्त हो जाता है और आकार बदलने की क्षमता खो देता है। धीरे-धीरे, हम निकट की वस्तुओं पर ध्यान केंद्रित करने की क्षमता खो देते हैं। इसे 'प्रेसबायोपिया' कहा जाता है और फिलहाल इस लेंस को ठीक करने का कोई तरीका नहीं है। चश्मा बनाने वाले इस लेंस की कमी को चश्मे से ठीक करते हैं जो आपके प्राकृतिक लेंस का भार लेते हैं। लेंस आपको अतिरिक्त अपवर्तक शक्ति प्रदान करके उन नज़दीकी छवियों को स्पष्ट रूप से देखने में मदद देते हैं।

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप



### कुतुब मीनार को रोशनी से जगमग किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** 1994 के रवांडा नरसंहार की 30वीं बरसी पर वहां के लोगों के प्रति एकजुटता दर्शाने के लिए भारत ने ऐतिहासिक कुतुब मीनार को रोशनी से जगमग किया। यूनेस्को की धरोहर स्थल सूची में शामिल दक्षिणी दिल्ली स्थित मीनार को रवांडा के झंडे के रंगों में रोशन किया गया। विदेश मंत्रालय ने पोस्ट में कहा कि रवांडा के लोगों के साथ एकजुटता दिखाते हुए कुतुब मीनार को रोशन किया।

### कोटाः महिला से सामूहिक दुष्कर्म, सात गिरफ्तार

**कोटा (भाषा)।** राजस्थान के कोटा के रेलवे कॉलोनी इलाके में मध्य प्रदेश की 40 वर्षीय एक महिला के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिहाड़ी मजदूर महिला के साथ शुक्रवार देर रात सात से आठ लोगों ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को मामला दर्ज किया और अगले दिन सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी अब भी फरार है।

### चुनाव से पहले कितने लोग जेल में होंगे : सुको

**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूबर की जमानत बहाल करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को जेल में नहीं डाला जा सकता है। यूट्यूबर पर 2021 में तमिलनाडु के सीएम स्टालिन पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप है। न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने तमिलनाडु सरकार की ओर से पेश मुकुल रोहतगी से कहा कि अगर चुनाव से पहले हम यूट्यूब पर आरोप लगाने वाले हर व्यक्ति को सलाखों के पीछे डालना शुरू कर देंगे, तो कल्पना कीजिए कि कितने लोग जेल में होंगे?"

### शोपियां में आतंकियों ने गैर कश्मीरी को गोली मारी

**श्रीनगर(एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के शोपियां जिले के पदपावन में सोमवार (8 अप्रैल) शाम आतंकियों ने गैर स्थानीय ड्राइवर को गोली मार दी। घायल ड्राइवर को अस्पताल में एडमिट कराया गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। ड्राइवर की पहचान दिल्ली निवासी परमजीत सिंह के रूप में हुई है। आतंकियों ने परमजीत पर उस वक्त हमला किया, जब वह अपने काम पर था। घटना को अंजाम देने के बाद आतंकी मौके से भाग निकले।

## जांच एजेंसियों के प्रमुखों को हटाने की मांग

# चुनाव आयोग कार्यालय के बाहर टीएमसी के सांसदों का प्रदर्शन

**दिल्ली पुलिस ने सभी को हिरासत में लिया** | **कांग्रेस ने भी दर्ज करवाई शिकायत**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदलने की मांग को लेकर सोमवार को यहां निर्वाचन आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठे तृणमूल कांग्रेस के नेताओं को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। वहीं कांग्रेस ने इसी मामले को लेकर भी शिकायत दर्ज कराई है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के 10 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांग को लेकर दबाव बनाने के लिए निर्वाचन आयोग (ईसी) की पूर्ण पीठ से मिलने के बाद धरने की घोषणा की थी। तृणमूल सांसद डेरेक ओ ब्रायन, मोहम्मद नदीमुल हक, डोला सेन, साकेत गोखले और सागरिका घोष, विधायक विवेक गुप्ता, पूर्व सांसद अर्पिता घोष, शांतनु सेन और अबीर रंजन विश्वास और छात्र शाखा की बंगाल इकाई के उपाध्यक्ष सुदीप राहा को हिरासत में ले लिया गया।

बंगाल सरकार व केंद्रीय एजेंसियों के बीच दो विवाद चर्चा में हैं। 5 अप्रैल को भूपतिनगर में एनआईए टीम पर हमला हुआ। पहले 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी की टीम पर पर भी हमला हुआ था।







### शाहजहां शेख को बचाने के लिए प्रदर्शनः भाजपा

भाजपा महासचिव अरुण सिंह ने कहा कि जनता जानती है कि टीएमसी लोकतंत्र को बचाने के लिए नहीं बल्कि शाहजहां शेख को बचाने के लिए प्रदर्शन कर रही है। शेख टीएमसी का नेता रह चुका है। उस पर संदेशखाली में ईडी पर हमले और महिलाओं से यौन उत्पीड़न का आरोप है। 29 फरवरी को उसे गिरफ्तार किया गया था।

### भूपतिनगर विस्फोट मामले में एनआईए का टीएमसी के तीन नेताओं को समन

**कोलकाता (भाषा)।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भूपतिनगर में हुए विस्फोट के मामले में पूछताछ करने के लिए तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के तीन नेताओं को समन जारी किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने तृणमूल कांग्रेस के तीनों नेताओं को अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के मानब कुमार कराया, सुबीर मैती और नबा कुमार पोंडा को सोमवार को यहां एनआईए अधिकारियों के सामने पेश होने का निर्देश दिया गया है।

### कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद ईडी के सामने हुईं पेश

**रांची (भाषा)।** झारखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद कथित धनशोधन से जुड़े एक मामले में पूछताछ के लिए सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुईं। प्रसाद (36) यहां करीब ढाई बजे ईडी कार्यालय पहुंचीं। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बरकागांव की विधायक प्रसाद को धनशोधन रोकथाम अधिनियम के प्रावधानों के तहत अपना बयान दर्ज कराने के लिए चार अप्रैल को पेश होने को कहा गया था। लेकिन प्रसाद स्वास्थ्य मुद्दों का हवाला देकर पेश नहीं हुईं। उनके पिता एवं पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने चार अप्रैल को संवाददाताओं से कहा था कि प्रसाद ने ईडी से स्वास्थ्य के आधार पर समय मांगा है।

## टेक्सास और अन्य पसंदीदा स्थानों में दोपहर में चार मिनट तक छाया रहा अंधेरा

# 400 जोड़ों ने रचाई शादी, कनाडा में ब्लैकआउट देखने कतार में लोग



**मेस्क्वाइट (अमेरिका)।** मैक्सिको और अमेरिका में साल के पहले सूर्य ग्रहण को देखने उमड़े। पूर्ण सूर्यग्रहण ने सबसे पहले मैक्सिको के 603 किलोमीटर में फैले इस्ला सोकोरो आईलैंड में एंट्री की। यहां पूरी तरह से अंधेरा छा गया। कनाडा में भी ग्रहण दिखाई दिया। यहां लोग सुबह 5 बजे से ओंटारियो नेशनल पार्क में ग्रहण देखने के लिए कतार में लगे रहे। अमेरिका में ग्रहण के रास्ते में पड़ने वाले कम से कम 12 राज्यों में करीब 4 मिनट 28 सेकेंड तक दिन में अंधेरा रहा। वहीं, 54 देशों में आंशिक सूर्यग्रहण लगेगा। भारत में दिखाई नहीं देगा।

**अगला सूर्यग्रहण 21 वर्ष बाद**

**ग्रहण करीब 4:21 मिनट रहा**

*राष्ट्रीय मौसम सेवा के मौसम विज्ञानी एलेक्सा मेन्स ने क्लीवलैंड के 'ग्रेट लेक्स साइंस सेंटर' में बताया, "बादल छाए रहना पूर्वानुमान लगाने में सबसे कठिन चीजों में से एक है। कम से कम, बर्फबारी नहीं होगी।*



### कविता को अंतरिम जमानत नहीं मिली

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली की एक अदालत ने दिल्ली आबकारी नीति से संबंधित धनशोधन मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कविता को अंतरिम जमानत देने से सोमवार को इनकार कर दिया। उसने कहा कि प्रथम दृष्टया उन्होंने न केवल सबूत नष्ट किए, बल्कि गवाहों को प्रभावित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और राहत मिलने की स्थिति में भी उनके ऐसा करने की पूरी संभावना है। कविता ने अदालत से अंतरिम जमानत दिए जाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि उनके बेटे (16)की परीक्षाएं हैं और उसे मां के 'नैतिक एवं भावनात्मक समर्थन' की जरूरत है।

■ **अदालत ने कहा- 'प्रथम दृष्टया' सबूत नष्ट किए**

## सशस्त्र बलों के लिए 'संयुक्त संस्कृति' विकसित करने की जरूरतः सीडीएस

**नई दिल्ली(भाषा)।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने सोमवार को सशस्त्र बलों द्वारा एक 'संयुक्त कार्य संस्कृति' विकसित करने का आह्वान किया ताकि देश की समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने वाली संरचनाएं बनाकर प्रत्येक सेना की क्षमताओं को एकीकृत किया जा सके। जनरल चौहान तीनों सेनाओं के सम्मेलन 'परिवर्तन चिंतन' को संबोधित कर रहे थे। इसमें तीनों सेनाओं - थल सेना, वायु सेना और नौसेना के बीच "संयुक्तता और एकीकरण" को आगे बढ़ाने के लिए नये विचारों, पहल और सुधारों पर मंथन किया गया। अधिकारियों ने कहा कि सीडीएस जनरल चौहान ने भारत की सेनाओं को भविष्य की जरूरतों के लिए तैयार करने के मद्देनजर पारंपरिक सैन्य अवधारणाओं को नया दृष्टिकोण देने की आवश्यकता पर जोर दिया। पहले सम्मेलन में मुख्य रूप से थिएटर कमान शुरू करने की सरकार की महत्वाकांक्षी पहल के कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई, जिसका उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में आमूल-चूल बदलाव करना है।

### जनरल मनोज पांडे ने सेना से हमेशा ही तैयार रहने का आह्वान किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** थलसेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने सशस्त्र बल से 'ब्लैक स्वान' घटनाओं के लिए हमेशा तैयार रहने का आह्वान किया और किसी असमान्य घटना से आश्चर्यचकित नहीं होने को कहा। 'ब्लैक स्वान' घटनाएं अधिक प्रभाव उत्पन्न करने वाली ऐसी घटनाएं हैं, जिनके बारे में सामान्य परिस्थितियों में पहले से अनुमान लगाना मुश्किल होता है। जनरल पांडे ने राष्ट्रों के बीच रणनीतिक प्रतिस्पर्धा के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व को भी रेखांकित किया। वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज में एक संबोधन में, जनरल पांडे ने प्रौद्योगिकी के शस्त्रीकरण, विशेष रूप से सूचना से लेकर आपूर्ति श्रृंखला तक विभिन्न क्षेत्रों में विस्तार को रेखांकित किया।



## हरिद्वारः गंगा में आस्था की डुबकी



हरिद्वार। सोमवार को 'सोमवती अमावस्या' के अवसर पर हर की पौड़ी घाट पर गंगा नदी में पवित्र स्नान करते श्रद्धालु।

## हिंदू शादियों में कन्यादान आवश्यक नहीं, सिर्फ 7 फेरे जरूरीः हाईकोर्ट

भाषा ▶▶ लखनऊ

इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ ने हाल ही में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू शादियों के लिए कन्यादान जरूरी नहीं है। अदालत ने कहा कि केवल सप्तपदी ही हिंदू विवाह का एक आवश्यक समारोह है और हिंदू विवाह अधिनियम में शादी के लिए कन्यादान का प्रावधान नहीं है। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने 22 मार्च को आशुतोष यादव द्वारा दायर एक पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। अदालत ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा सात का भी जिक्र किया।

### फास्ट ट्रैक अदालत के फैसले को दी थी चुनौती

कोर्ट ने कहा कि हिंदू विवाह अधिनियम की धारा-7 इस प्रकार है- हिंदू विवाह के लिए समारोह- (1) एक हिंदू विवाह किसी भी पक्ष के प्रथागत संस्कारों और समारोहों के अनुसार मनाया जा सकता है। (2) ऐसे संस्कारों और समारोहों में सप्तपदी (यानी दूल्हा और दुल्हन द्वारा पवित्र अग्नि के समक्ष संयुक्त रूप से सात फेरे लेना) शामिल है। सातवां फेरा लेने पर विवाह पूर्ण और बाध्यकारी हो जाता है। याचिका दाखिल करने वाले ने इसी साल छह मार्च को अपर सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक अदालत प्रथम) द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती दी थी।




## पीएम मोदी पर भी कर चुकीं टिप्पणी

# मालदीव की बर्खास्त मंत्री ने किया भारतीय अशोक चक्र का अपमान



एजेंसी ▶▶ माले

मालदीव की बर्खास्त मंत्री मरियम शिउना ने एक बार फिर भारत का अपमान किया। उन्होंने विपक्षी एमडीपी को निशाना बनाने के लिए अशोक चक्र का इस्तेमाल किया। इससे जुड़ा एक पोस्ट सोशल मीडिया पर शेयर किया। विवाद होने के बाद मरियम ने इसे हटा दिया।

### त्वरित मांगी माफी

*मरियम ने इस मामले पर माफी मांगी है। उन्होंने एक्स पर लिखा, मैं मेरी पोस्ट की वजह से हुए भ्रम को लेकर माफी मांगती हूं। मुझे पता चला कि एमडीपी के पोस्टर में इस्तेमाल हुई तस्वीर भारतीय ध्वज से मिलती-जुलती है। गलतफहमी की वजह से ऐसा हुआ। मुझे खेद है। मैंने कुछ भी जानबूझकर नहीं किया। उन्होंने आगे लिखा, मालदीव, भारत के साथ संबंधों को बहुत महत्व देता है। मैं ध्यान रखूंगी कि भविष्य में मेरी तरफ से इस तरह की गलत न हो। पोस्ट करने से पहले सब वेरिफाई करूंगी।*

## कोस्ट गार्ड में महिलाओं को स्थायी कमीशन

# सुप्रीम कोर्ट ने महिला अफसर की फिर से सर्विस की 'बहाल'

**नई दिल्ली।** कोस्ट गार्ड में महिला अफसर को स्थायी कमीशन देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा दखल दिया है। सुप्रीम कोर्ट कोस्ट गार्ड अफसर प्रियंका त्यागी को फिर से सर्विस में बहाल किया है। प्रियंका त्यागी को कोस्ट गार्ड में जनरल ड्यूटी ऑफिसर के रूप में सेवा जारी रखने के लिए अंतरिम राहत दी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से केस अपने पास ट्रांसफर कर लिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस मामले में लैंगिक समानता का गंभीर संवैधानिक सवाल उठा है।



### बच्चों के इंटरसेक्स ऑपरेशन पर कानून बनाने की मांग सुको सुनवाई को तैयार

*नई दिल्ली(एजेंसी)। जन्म के समय शिशुओं के इंटरसेक्स सर्जरी का मुद्दा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष आया है। इस तरह के ऑपरेशन पर रोक लगाने की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई के तैयार हो गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। याचिका में कहा गया है कि बच्चों की इंटरसेक्स सर्जरी उनके लिए न सिर्फ पीड़ादायक बल्कि सुनहरे भविष्य के लिए भी काफी खतरनाक है।*

## आईएमडी प्रमुख बोले बड़े भाई की भूमिका में भारत


# नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश व मॉरीशस को समय पूर्व चेतावनी प्रणाली को विकसित करने में मदद कर रहे

**मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत**

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा है कि नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश के साथ ही मॉरीशस को भारत समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करने में मदद कर रहा है ताकि वह मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के कारण जान-माल के नुकसान को कम कर सकें।

आईएमडी के महानिदेशक महापात्र ने कहा कि भारत मौसम संबंधी प्रतिकूल घटनाओं के प्रभाव से बचाव के प्रयासों में नेपाल, मालदीव, श्रीलंका, बांग्लादेश और मॉरीशस के लिए बड़ा भाई और एक सलाहकार की भूमिका निभाएगा। भारत के प्रयास संरा द्वारा 2022 में घोषित 'सभी के लिए समय-पूर्व चेतावनी' का हिस्सा हैं जिसका मकसद यह सुनिश्चित करना है कि 2027 के अंत तक पूर्व चेतावनी प्रणालियों से सबको खतरनाक मौसम, पानी या जलवायु संबंधी घटनाओं से सुरक्षित किया सके। आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि हम इन पांच देशों को मौसम संबंधी वेधशालाएं स्थापित करने में मदद करेंगे तथा उन्हें हमारे संख्यात्मक मॉडल तक पहुंच की अनुमति देंगे।



### 1970 से 2019 के बीच आपदाओं की संख्या पांच

विश्व मौसम विज्ञान संगठन की दिसंबर में जारी रिपोर्ट के मुताबिक, 101 देशों (52 प्रतिशत) के पास अब पूर्व चेतावनी प्रणालियां हैं। डब्ल्यूएमओ के आंकड़ों से पता चलता है कि 1970 से 2019 के बीच मौसम और जलवायु से संबंधित आपदाओं की संख्या पांच गुना तक बढ़ गई है। पानी से संबंधित आपदाएं विश्व स्तर पर सबसे आम हो गई हैं, जबकि उष्णकटिबंधीय चक्रवातों ने लोगों और अर्थव्यवस्थाओं को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाया। साल 1970 से 2021 के बीच दुनिया में मौसम, जलवायु या जल संबंधित करीब 12 हजार आपदाएं आईं जिससे 20 लाख से ज्यादा लोगों की मौत हुई और 4300 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हुआ। 2015 से 2022 के बीच आपदाओं से सालाना लगभग 41,789 लोगों की मौत हुई।

### पचास प्रतिशत देशों के पास प्रणाली ही नहीं

पचास प्रतिशत देशों के पास समय-पूर्व चेतावनी प्रणाली नहीं है। गरीब देशों, अल्प विकसित देशों और छोटे द्वीप देशों- उदाहरण के लिए मालदीव और सेशेल्स के पास मौसम संबंधी चरम घटनाओं के बारे में समय-पूर्व चेतावनी देने की क्षमता नहीं है। इस वजह से आपदाओं के कारण लोगों की मौत हो रही है और संपत्ति को भी नुकसान हो रहा है।'इन देशों को अपने मौसम संबंधी पर्यवेक्षण को बढ़ाने के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता की जरूरत है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।




12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25